रोहतक
गुरुवार 14 मई 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, द्वादशी वर्ष : 30, अंक : 99
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 44.0
न्यून. 21.2

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



## निकाय चुनाव में खिला कमल

# सभी निगमों में ट्रिपल इंजन

### कांग्रेस का खाता खाली, वार्डों में पार्षद भी नहीं जीत पाए ज्यादा सीट


हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में निकाय चुनाव के पंचकूला, अंबाला और सोनीपत नगर निगम, सांपला, उकलाना, धारूहेड़ा नगर पालिका व रेवाड़ी नगर परिषद की काउंटिंग पूरी हो गई। भाजपा ने तीनों नगर निगम में जीत हासिल की है। सोनीपत में राजीव जैन, अंबाला में अक्षिता सैनी और पंचकूला नगर निगम में श्यामलाल बंसल ने जीत दर्ज की। कांग्रेस कोई सीट नहीं जीत पाई। हालांकि, उकलाना नगर पालिका में कांग्रेस समर्थित रीमा सोनी चेयरपर्सन का चुनाव जीत गई हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के गढ़ सांपला नगर पालिका में भाजपा के प्रवीण कोच ने चेयरमैन का चुनाव जीता। इसी तरह, धारूहेड़ा नगर पालिका में भाजपा उम्मीदवार अजय जांगड़ा चेयरमैन बने। रेवाड़ी नगर परिषद चुनाव में भाजपा की विनीता पीपल चेयरपर्सन का चुनाव जीत गईं।



### अक्षिता सैनी : अंबाला

- 21358 वोटों से जीत दर्ज की, 52794 वोट हासिल किए
- कांग्रेस की कुलविन्दर को हराया, उन्हें 31436 वोट प्राप्त हुए
- 20 वार्डों में से 16 में भाजपा, 3 में कांग्रेस व एक में निर्दलीय जीता



### राजीव जैन : सोनीपत

- 23247 वोटों से जीत दर्ज की, 70035 वोट हासिल किए
- कांग्रेस के कांग्रेस दीवान को हराया, उन्हें 54788 वोट प्राप्त हुए
- 22 वार्डों में से 17 में भाजपा, 5 में कांग्रेस ने जीत दर्ज की।



### श्यामलाल : पंचकूला

- 36252 वोटों से कांग्रेस के सुधा भारद्वाज को हराया। सबसे ज्यादा समय इसी सीट की गणना में लगा
- यहां 17 सीटों पर भाजपा, 01 पर कांग्रेस और 02 पर निर्दलीय पार्षद जीते।
- बंसल आरएसएस से जुड़े हुए हैं।

### सांपला : 687 वोट से जीते प्रवीण

सांपला नगर पालिका चुनाव में भाजपा के प्रवीन ने 4391 वोट हासिल करके जीत दर्ज की। निर्दलीय उम्मीदवार अंकित सिंह 3704 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। अन्य निर्दलीय उम्मीदवारों में सुधीर ओहल्याण को 1984, अनिल कुमार को 1081, विकास को 482, राकेश कुमार को 335, मनजीत को 222, अंकित पुत्र साहिब सिंह को 80 और राम निवास को 41 वोट मिले। नोटा को 35 वोट मिले, जबकि सुशील कुमार को 17 वोट प्राप्त हुए।



**अब सभी 11 नगर निगमों पर भाजपा का कब्जा :** हरियाणा में कुल 11 नगर निगम हैं। इनमें फरीदाबाद, गुरुग्राम, अंबाला, पंचकूला, यमुनानगर, रोहतक, पानीपत, करनाल, हिसार, सोनीपत और मानेसर शामिल हैं। इनके अलावा, राज्य में 23 नगर परिषदें और 53 से अधिक नगर पालिकाएं हैं। पंचकूला, सोनीपत और अंबाला नगर निगमों में भाजपा के मेयर बनने के बाद अब सभी 11 नगर निगमों में भाजपा के मेयर हो गए हैं। आठ नगर निगमों में पहले से भाजपा के मेयर चुनाव जीते हुए थे। इस बार के चुनाव में करीब 55 प्रतिशत वोट पड़े थे, जो कि काफी कम थे।

### भाजपा का प्रदर्शन

**नगर निगम (मेयर)**
कुल सीट : 3
भाजपा : 3

**नगर परिषद**
कुल सीट : 1
भाजपा : 1

**नगर पालिका**
कुल सीट : 3
भाजपा : 2

**कुल वार्ड 110**
भाजपा : 68
कांग्रेस : 10
निर्दलीय : 32

### उकलाना : कांग्रेस समर्थित रीमा जीतीं

उकलाना नगर पालिका में कांग्रेस समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार रीमा सोनी ने 7078 वोट हासिल करके जीत दर्ज की। भाजपा की निकिता गोयल 4272 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। अन्य उम्मीदवारों में डॉ. सोनिया बत्रा को 249 वोट, मीनू रानी को 83 वोट मिले। वहीं, धारूहेड़ा नगर पालिका में चेयरमैन पद के लिए भाजपा उम्मीदवार सत्यनारायण उर्फ अजय जांगड़ा 9392 वोटों से जीते।

### रेवाड़ी : विनीता ने 21455 वोटों से जीता चुनाव

रेवाड़ी नगर परिषद चुनाव में चेयरपर्सन पद के लिए भाजपा की विनीता पिप्पल ने 44521 वोट हासिल करके जीत दर्ज की। उन्होंने कांग्रेस की नेहारिका को 21455 वोटों के अंतर से हराया। नेहारिका को 23066 वोट मिले। निर्दलीय उम्मीदवार डॉ. मीनू डहीनावाल को 3103, आशा को 1851, दीपिका पवार को 948 और शकुंतला भांडोरिया को 552 वोट मिले। नोटा को 1049 वोट मिले।

### जीत पर बहुत-बहुत आभार



नगर निकाय चुनावों में भाजपा की विजय के लिए राज्य के परिवारजनों का बहुत-बहुत आभार। एक बार फिर स्पष्ट हो गया है कि जनता-जनार्दन का भाजपा-एनडीए सरकार द्वारा किए जा रहे सुशासन की नीतियों पर अटूट विश्वास है। **-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### भाजपा की नीतियों पर मुहर



आम जनता ने निकाय चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की नीतियों पर जीत की मुहर लगाई है। मोदी का धन्यवाद है, उनके नेतृत्व में नॉन स्टॉप सरकारें बन रही हैं। आम जनता का विश्वास बढ़ता जा रहा है। **-नायब सैनी, मुख्यमंत्री**

### ऐतिहासिक जनसमर्थन



नगर निकाय चुनावों में भाजपा को मिला ऐतिहासिक जनसमर्थन अभूतपूर्व है। यह पीएम मोदी के जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक है। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा निरंतर आगे बढ़ रहा है। **-कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व वित्त मंत्री हरियाणा**

## सीबीएसई 12वीं कक्षा में 85.20% विद्यार्थी पास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सीबीएसई यानी सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ने 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। कुल 85.20% स्टूडेंट्स पास हुए हैं। यह पिछले साल से 3% कम है। कुल 94,028 छात्रों ने 90% से ज्यादा नंबर स्कोर किए हैं। वहीं, 17,113 बच्चों ने 95% से ज्यादा नंबर स्कोर किए हैं। इस बार 17 फरवरी से 9 अप्रैल तक 12वीं के एग्जाम हुए थे। कॉपियां ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम के तहत चेक की गईं। कैंडिडेट्स cbse.gov.in पर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं। अगर स्टूडेट्स के मोबाइल में इंटरनेट न हो या सर्वर डाउन हो तो सब्जेक्ट वाइज अंक जानने के लिए एसएमएस भेजकर रिजल्ट प्राप्त कर सकते हैं। हालांकि, ऑनलाइन स्कोर कार्ड मान्य नहीं होगा। छात्रों के लिए स्कूल से ओरिजिनल मार्कशीट लेना जरूरी है। सीबीएसई बोर्ड मेरिट लिस्ट जारी नहीं करता है। इसके अलावा रिजल्ट में कोई टॉपर भी घोषित नहीं किया जाता है। बोर्ड सभी स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों को ये निर्देश देता है कि किसी भी बच्चे को स्कूल या जिले का टॉपर घोषित न करें।

### पंचकूला की अनुष्का के 99.2% फीसदी अंक

पंचकूला रीजन में इस बार 74,723 स्टूडेंट ने परीक्षा में हिस्सा लिया था।



पंचकूला रीजन में हरियाण के 11 जिलों के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश भी शामिल है। पंचकूला की अनुष्का के ह्यूमैनिटी स्ट्रीम में 99.2 परसेंट मार्क्स आए हैं। वहीं करनाल के दयाल सिंह स्कूल की काशवी ने कामर्स स्ट्रीम में 99 परसेंट नंबर हासिल किए। सीबीएसई ने इस बार भी 12वीं क्लास की मेरिट लिस्ट जारी नहीं की है। इससे बोर्ड ने कोई भी टॉपर घोषित नहीं किया है। बोर्ड ने स्कूल प्रिंसिपल्स को भी सख्त हिदायतें दी हैं कि वे अपने स्तर पर भी स्कूल टॉपर घोषित न करें।

### लड़कियों का रिजल्ट लड़कों से 6.73% बेहतर

लड़कियों का रिजल्ट 88.86% रहा है, जबकि लड़कों का रिजल्ट 82.23% रहा है। लड़कियों का रिजल्ट लड़कों से 6.73% बेहतर रहा है। ट्रांसजेंडर स्टूडेंट्स का रिजल्ट 100% है।

त्रिवेंद्रम का रिजल्ट फिर बेस्ट, प्रयागराज फिर सबसे पीछे त्रिवेंद्रम रीजन में 95.62% स्टूडेंट पास हुए। जो देशभर में सबसे ज्यादा है। वहीं, प्रयागराज रीजन 72.43% रिजल्ट के साथ सबसे नीचे रहा है। पिछले साल भी त्रिवेंद्रम का रिजल्ट सबसे ज्यादा और प्रयागराज का सबसे कम रहा था।

## खबर संक्षेप

### हरियाणा कैबिनेट की बैठक 18 मई को

**चंडीगढ़।** हरियाणा मंत्रिमंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक 18 मई, सोमवार को आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता सीएम नायब सिंह सैनी करेंगे। यह बैठक सोमवार सुबह 10 बजे हरियाणा सिविल सचिवालय में होगी। माना जा रहा है कि बैठक में राज्य से जुड़े कई अहम प्रशासनिक और नीतिगत प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। *एजेंसी*



### अमूल और मदर डेयरी का दूध 2 रुपये महंगा

**नई दिल्ली।** अमूल के बाद मदर डेयरी ने भी बुधवार को दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की है। दोनों कंपनी के नए दाम गुरुवार से लागू होंगे। अमूल और मदर डेयरी ने दूध के प्रमुख वेरिएंट और पैक पर कीमतें बढ़ाई हैं। गुजरात कॉपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के मुताबिक, पशु आहार, पैकेजिंग और ईंधन की लागत बढ़ने के कारण यह फैसला लिया गया। *एजेंसी*




### सोने-चांदी पर इंपोर्ट ड्यूटी 6 से बढ़ाकर 15% की

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोना और चांदी के आयात पर लगने वाली ड्यूटी 6% से बढ़ाकर 15% कर दी है। बुधवार को जारी इस आदेश के बाद सर्राफा बाजार में सोना 9 हजार और चांदी 22 हजार रुपये महंगी हो गई है। 10 ग्राम सोने का भाव 9,345 बढ़कर 1,60,977 रुपये और 1 किलो चांदी का भाव 22,853 बढ़कर 2,87,720 रुपये पर पहुंच गया है। *(विस्तृत पेज-4 पर)*



## नीट मामला

## कई राज्यों में सीबीआई के छापे, पांच गिरफ्तार

### सुप्रीम कोर्ट में याचिका-कहा, एनटीए से भरोसा उठा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द मामले में फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की। इसमें सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में दोबारा परीक्षा कराने की मांग की गई है। मेडिकल एसोसिएशन ने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली से अब भरोसा उठ चुका है। इसलिए मौजूदा गवर्निंग बॉडी का पुनर्गठन किया जाना चाहिए। सीबीआई ने नासिक से शुभम खैरनार और अहिल्याबाई नगर से धनंजय को हिरासत में लिया। धनंजय पर शुभम को पेपर देने का आरोप है। मुंबई कोर्ट ने सीबीआई को शुभम की 2 दिन की ट्रांजिट रिमांड दी। वहीं, राजस्थान पुलिस ने गुरुग्राम से बीएएमएस फर्स्ट ईयर के छात्र को पकड़ा। सीबीआई ने इस मामले में अब तक 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से तीन जयपुर, एक गुरुग्राम और एक नासिक से है। जांच के लिए सीबीआई अधिकारी दिल्ली में एनटीए के हेडक्वार्टर भी पहुंचे। दरअसल, एनटीए ने 12 मई को पेपर लीक के बाद नीट परीक्षा रद्द कर दी थी।

### हाइब्रिड मॉडल पर मंथन

- नीट पेपर लीक के बाद बड़े बदलाव की तैयारी है, जिसके तहत री-एग्जाम के हाइब्रिड मॉडल पर एनटीए ने मंथन तेज कर दिया है। इसको लेकर बैठकों का दौर जारी है।
- एनटीए डीजी के साथ एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारी और सदस्य आगामी परीक्षाओं की तारीखों और परीक्षा प्रणाली में बदलाव को लेकर लगातार बैठकें कर रहे हैं।
- सबसे ज्यादा चर्चा हाइब्रिड नीट मॉडल को लेकर हो रही है, जिसे पेपर लीक की संभावना लगभग खत्म करने के उपाय के तौर पर देखा जा रहा है।
- शिक्षा क्षेत्र से जुड़े कई एक्सपर्ट्स का मानना है कि अब नीट पेपर को पहले की तरह प्रिंट कर ट्रांसपोर्ट करने की व्यवस्था में बदलाव जरूरी है।
- इसी के तहत एक ऐसे मॉडल पर विचार किया जा रहा है, जिसमें पेपर एनक्रिप्टेड डिजिटल फॉर्म में सीधे परीक्षा केंद्रों तक भेजे जाएं. इस संबंध में एक प्रस्ताव भी है।
- प्रस्ताव के अनुसार, हर परीक्षा केंद्र पर सुरक्षित सर्वर स्थापित किए जा सकते हैं और परीक्षा शुरू होने से ठीक पहले सेंटर के भीतर ही हाई-स्पीड प्रिंटर के जरिए प्रश्नपत्र प्रिंट किए जाएं. पूरी प्रक्रिया सीसीटीवी निगरानी और कड़ी गोपनीयता के बीच कराने की सिफारिश की जा रही है।

## अखिलेश के भाई प्रतीक को दिल का दौरा, निधन

**लखनऊ (एजेंसी)।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव का बुधवार को निधन हो गया। उनकी उम्र 38 साल थी। सुबह 6 बजे पत्नी अपर्णा यादव के भाई अमन सिंह बिष्ट उन्हें लखनऊ के सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सिविल अस्पताल के चीफ मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. डीसी पांडेय के मुताबिक, जब प्रतीक को लाया गया, तब उनकी पल्स पूरी तरह डाउन थी। हार्ट भी रुक चुका था। लखनऊ मेडिकल कॉलेज में प्रतीक यादव के शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि कार्डिएक अरेस्ट से प्रतीक की मौत हुई है। विसरा रिपोर्ट के बाद और चीजें स्पष्ट होंगी।



अस्पताल पहुंचने से पहले ही सांसें थमीं

## विजय सरकार फ्लोर टेस्ट में पास 144 विधायकों ने किया समर्थन

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा में बुधवार को मुख्यमंत्री विजय की टीवीके सरकार ने फ्लोर टेस्ट पास कर लिया। वोटिंग के वक्त सदन में 171 विधायक मौजूद थे। इनमें 144 ने टीवीके का समर्थन किया। टीवीके के पक्ष में एआईएडीएमके के 25 बागी विधायकों नें भी वोट डाला। एआईएडीएमके के 47 विधायक हैं। 22 ने टीवीके सरकार का विरोध किया। फ्लोर टेस्ट में 59 विधायकों वाली डीएमक ने वॉकआउट कर दिया। सदन मे मौजूद पीएमके के 4 और भाजपा के एक विधायक वोटिंग में शामिल नहीं हुए। फ्लोर टेस्ट के साथ एआईएडीएमके में फूट भी पड़ गई। पार्टी पलानीस्वीमी और सीवी षणमुगम में गुट में बंट गई। सीएम विजय ने कहा हमारी सरकार सेक्युलर तरीके से घोड़े की रफ्तार से काम करेगी न कि हॉर्स ट्रेडिंग में शामिल होगी।



118 वोट चाहिए थे, एआईएडीएम के 25 बागी विधायक साथ आए

### विजय ने ज्योतिषी को ओएसडी पद से हटाया

**चेन्नई।** तमिलनाडु में फ्लोर टेस्ट पास करने के कुछ घंटे बाद ही मुख्यमंत्री विजय ने ज्योतिषी राधन पंडित को स्पेशल ड्यूटी ऑफिसर (ओएसडी) पद से हटा दिया। विजय ने पद से हटाने के 24 घंटे पहले ही उन्हें जिम्मेदारी दी थी, लेकिन विपक्ष और सहयोगी पार्टियों के विरोध के बाद फैसला वापस लेना पड़ा। राधन लंबे समय से विजय के करीबी माने जाते हैं। उन्होंने विजय के मुख्यमंत्री बनने की भविष्यवाणी की थी।



## बहादुरगढ़ में पड़े ओले, सोनीपत-पानीपत में बारिश

**हरिभूमि टीम (हरियाणा)।** हरियाणा में बुधवार को अधिकतर जिलों में मौसम खराब रहा। सुबह जींद, हिसार, पानीपत, करनाल, कैथल और फतेहाबाद में बारिश हुई। रात को बहादुरगढ़ में ओले पड़े, जबकि सोनीपत, पानीपत और भिवानी में झमाझम बारिश हुई, जबकि कई जिलों में आंधी चल रही है। मौसम विज्ञान केंद्र, अगले तीन घंटों में पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, सोनीपत, रोहतक, झज्जर, चरखीदादरी, भिवानी, जींद, हांसी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, पलवल, फरीदाबाद,

### 15 को शुष्क रहेगा मौसम आगे और तेज होगी गर्मी

गुरुग्राम, नूंह जिलों में तेज हवाओं और गरज चमक के साथ बारिश की संभावना है। 15 मई से मौसम फिर से शुष्क होने लगेगा, जिसके बाद अगले 7 दिनों में अधिकतम तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस की भारी बढ़ोतरी होने की संभावना है। इस वजह से हरियाणा में एक बार फिर लू चलने की संभावना बन रही है।

### चरखी दादरी सबसे गर्म

बुधवार को चरखी दादरी प्रदेश में सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 44.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा, हिसार में 41.4 डिग्री सेल्सियस, महेंद्रगढ़ में 40.6 डिग्री सेल्सियस, रोहतक में 41.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जिससे इन शहरों में भी पारा 40 डिग्री सेल्सियस के आंकड़े को पार कर गया। वर्तमान औसत अधिकतम तापमान सामान्य से 1.1 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

*पेट्रोल-डीजल बचाने की अपील की थी*

## मोदी ने छोड़ा काफिला 2 गाड़ियों के साथ निकले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को काफिला छोड़ सिर्फ 2 गाड़ियों के साथ निकले। आमतौर पर पीएम के काफिले में 12 से 15 गाड़ियां रहती हैं। अब एक गाड़ी में पीएम जबकि दूसरी गाड़ी में एसपीजी और सुरक्षा कर्मी मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री जनता से लगातार पेट्रोल-डीजल का कम इस्तेमाल करने की अपील कर रहे हैं। इसको लेकर गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने भी अपने काफिले की गाड़ियां कम कर दीं है।

**शाह-नड्डा ने भी काफिले में गाड़ियां कम कीं**



दिल्ली सरकार में मंत्री आशीष सूद ई-रिक्शा से कार्यक्रम में पहुंचे।

### हरियाणा सरकार वाहनों को ईवी में बदलेगी

हरियाणा सरकार नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2022 के तहत चरणबद्ध तरीके से पारंपरिक वाहनों को इलेक्ट्रिक वाहनों में बदल रही है। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030 तक सभी सरकारी वाहन, सार्वजनिक परिवहन बसें और वाणिज्यिक बेड़े को इलेक्ट्रिक बनाना है।

## तुअर दाल की एमएसपी 450 बढ़ाकर 8450 रुपये की

## सरकार ने 14 खरीफ फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने 14 खरीफ फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ा दी है। केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार यानी 13 मई को यह फैसला लिया। कैबिनेट मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि धान की नई एमएसपी 2441 रुपये तय की गई है, जो पिछली एमएसपी से 72 रुपये ज्यादा है। वहीं तुअर दाल की एमएसपी 450 रुपये बढ़ाई है। न्यूनतम समर्थन मूल्य वो गारंटीड मूल्य है जो किसानों को उनकी फसल पर मिलता है। भले ही बाजार में उस फसल की कीमतें कम हो। इसके पीछे तर्क यह है कि बाजार में फसलों की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव का असर किसानों पर न पड़े। उन्हें न्यूनतम कीमत मिलती रहे।

*सरकार हर फसल सीजन से पहले सीएसीपी यानी कमीशन फॉर एग्रीकल्चर कॉस्ट एंड प्राइजेज की सिफारिश पर एमएसपी तय करती है। यदि किसी फसल की बम्पर पैदावार हुई है तो उसकी बाजार में कीमतें कम होती हैं, तब एमएसपी उनके लिए फिक्स प्राइस का काम करती है। यह एक तरह से कीमतें गिरने पर किसानों को बचाने वाली बीमा पॉलिसी की तरह काम करती है।*

### कैबिनेट के अन्य फैसले

**1. कोयले से गैस बनाने के प्रोजेक्ट्स को मंजूरी**

- सरकार ने सरफेस कोल और लिग्नाइट गैसीफिकेशन (कोयले से गैस बनाने) के प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देने के लिए 37,500 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दे दी है। यह योजना भारत के कोयला और लिग्नाइट गैसीफिकेशन प्रोग्राम को रफ्तार देने के लिए शुरू की गई है।
- सरकार ने साल 2030 तक 100 मिलियन टन कोयले को गैस में बदलने का लक्ष्य रखा है। इससे देश की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी और विदेशों से आने वाली चीजों पर हमारी निर्भरता कम होगी।



**220 किमी की स्पीड से दौड़ेगी सेमी हाई-स्पीड रेल**

भारत 220 किमी/घंटा की रफ्तार से मेट्रो और सेमी हाई-स्पीड ट्रेनों को दौड़ाने की योजना पर काम कर रहा है। रेल मंत्रालय की लगभग 20,667 करोड़ की लागत वाली अहमदाबाद (सरखेज)-धोलेरा अर्ध-उच्च गति दोहरी लाइन परियोजना को भी मंजूरी दी गई है। भारत की पहली सेमी हाई-स्पीड रेल परियोजना के रूप में, यह परियोजना एक अग्रणी परियोजना के रूप में काम करेगी। यह स्वदेशी रूप से विकसित तकनीक से निर्मित भारतीय रेलवे की पहली अर्ध-उच्च गति परियोजना होगी। इससे अहमदाबाद, धोलेरा एसआईआर को आसानी होगी।

## खबर संक्षेप

### भाजपा की जीत जनता के विश्वास व कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम



**चंडीगढ़।** हरियाणा निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर भाजपा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने प्रदेश की जनता, पार्टी कार्यकर्ताओं और विजयी प्रत्याशियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत विकास, सुशासन और संगठन की मजबूती की जीत है। निकाय चुनाव परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि हरियाणा की जनता विकास और राष्ट्रहित की राजनीति के साथ मजबूती से खड़ी है।

### नीट यूजी पेपर लीक युवाओं के भविष्य के साथ क्रूर मजाक

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने नीट यूजी 2026 परीक्षा में हुए पेपर लीक, परीक्षा रद्द होने और मामले की जांच सीबीआई को सौंपे जाने पर केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) पर तीखा हमला बोला है। देश के हजारों युवाओं का भविष्य भाजपा सरकार की लापरवाही और भ्रष्ट तंत्र की भेंट चढ़ गया है। लाखों विद्यार्थियों ने दिन-रात मेहनत करके परीक्षा दी, लेकिन पेपर लीक हो गया।

हिसार अग्निकांड का हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने लिया स्वत: संज्ञान

# हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म और टर्न टेबल लैडर्स की उपलब्धता पर रिपोर्ट तलब

- बहुमंजिला इमारतों में फायर सेफ्टी और बचाव इंतजामों की होगी जांच
- पेशेवर रेस्क्यू सिस्टम की कमी ने उजागर की बड़ी लापरवाही : आयोग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़/ हिसार

हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने हिसार स्थित एक बहुमंजिला होटल में हुई भीषण अग्निकांड की घटना का स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्यभर में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था, आपातकालीन निकासी तंत्र तथा ऊंची इमारतों में बचाव अवसंरचना की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। आयोग के अध्यक्ष जस्टिस ललित बत्रा तथा दोनों सदस्यों कुलदीप जैन और दीप भाटिया को मिलाकर बने पूर्ण आयोग ने 6 मई को हिसार में बहुमंजिला होटल में अग्निकांड की विस्तृत सुनवाई प्रारंभ की है। आयोग के असिस्टेंट रजिस्ट्रार डॉ. पुनीत अरोड़ा ने बताया कि आदेश में राज्य सरकार से विशेष रूप से यह बताने को कहा है कि हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म एवं टर्न टेबल लैडर्स की खरीद एवं संचालन की वर्तमान स्थिति क्या है, विभिन्न जिलों में उन्नत अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता कितनी है तथा भविष्य में अग्नि सुरक्षा अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए क्या ठोस कार्ययोजना बनाई गई है। इस मामले की अगली सुनवाई 22 जुलाई निर्धारित की है तथा वर्तमान मामले को स्वप्रेरणा वाद संख्या 1000/3/2022 के साथ संयुक्त विचार के लिए टैग करने के निर्देश भी दिए हैं। आयोग ने हिसार अग्निकांड के संबंध में आग लगने के कारण, बचाव कार्यों, होटल की अग्नि सुरक्षा स्वीकृतियों, निरीक्षण रिपोर्ट, सुरक्षा मानकों के अनुपालन तथा यदि कोई उल्लंघन पाया जाता है तो उसके विरुद्ध की गई कार्रवाई का विस्तृत विवरण भी मांगा है। आयोग ने हिसार के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, आयुक्त, नगर निगम तथा मुख्य अग्निशमन अधिकारी/संबंधित अग्निशमन अधिकारी वर्तमान अग्निकांड से संबंधित पृथक तथ्यात्मक एवं कार्रवाई प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं। हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने कहा है कि प्रथम दृष्टया यह घटना राज्य में बहुमंजिला व्यावसायिक भवनों में अग्नि सुरक्षा मानकों, आपातकालीन निकासी व्यवस्था तथा आपदा प्रबंधन तंत्र की गंभीर कमियों को उजागर करती है और विशेष रूप से इस तथ्य पर चिंता व्यक्त की कि एक व्यक्ति को पेशेवर बचाव तंत्र के अभाव में स्वयं भवन से कूदकर जान बचाने का प्रयास करना पड़ा। अपने आदेश में आयोग ने कहा कि आधुनिक शहरी क्षेत्रों में बहुमंजिला इमारतों, होटलों, वाणिज्यिक परिसरों तथा घनी आबादी वाले क्षेत्रों में हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म एवं टर्न टेबल लैडर्स जैसे उन्नत अग्निशमन एवं बचाव उपकरणों की उपलब्धता अनिवार्य है। ऐसे उपकरण आपातकालीन परिस्थितियों में ऊपरी मंजिलों तक त्वरित पहुंच सुनिश्चित करने, सुरक्षित निकासी तथा प्रभावी बचाव कार्यों के संचालन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## बड़ा सवाल एनओसी कैसे मिल जाती है?

## इन बिन्दुओं पर जानकारी मांगी

- आग लगने के कारण
- घायल/प्रभावितों की संख्या।
- पीड़ित को दी गई क्षतिपूर्ति।
- बचाव और अग्निशमन कार्य।
- घटना के दौरान उपलब्ध एवं प्रयुक्त अग्निशमन एवं बचाव उपकरणों का विवरण।
- संबंधित होटल के अग्नि सुरक्षा अनुमोदन, निरीक्षण, स्वीकृतियां एवं अनुपालन की स्थिति।
- यदि होटल द्वारा अग्नि सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाया गया हो, तो उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध प्रारम्भ की गई कार्रवाई।
- क्या घटनास्थल पर पर्याप्त निकासी एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया व्यवस्था उपलब्ध थी।

## इन जिलों में 10 से 13 मंजिल तक इमारतें लेकिन आग बुझाने की सुविधा नहीं

**हिसार:** जिले में कई इमारते 10 से 12 मंजिल की है लेकिन आग बुझाने के लिए हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म एवं टर्न टेबल लैडर्स जैसे उन्नत अग्निशमन उपलब्ध नहीं है।

**रोहतक :** जिले में कई इमारते 10 से 13 मंजिल की है लेकिन आग बुझाने के लिए हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म एवं टर्न टेबल लैडर्स जैसे अग्निशमन मशीने गुरुग्राम और चंडीगढ़ से मगानी पड़ती है।

**अंबाला :** कई इमारते 10 मंजिल की है लेकिन आग बुझाने के लिए हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म अग्निशमन मशीन नहीं है। वायुसेना के पास है जो आम लोगों के नहीं है।

**सोनीपत :** जिले में कई इमारते 10 से 12 मंजिल की है लेकिन आग बुझाने के लिए हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म अग्निशमन मशीन नहीं है।

**पानीपत :** जिले में कई इमारते 10 मंजिल से ऊंची है लेकिन आग बुझाने के लिए हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म मशीन नहीं है। रिफाइनी के पास है जो आम प्रयोग में नहीं कर सकते है।

**करनाल :** जिले में कई ऊंची इमारते है लेकिन आग बुझाने के लिए हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म एवं टर्न टेबल लैडर्स जैसे अग्निशमन मशीने नहीं है।

निकाय चुनाव
सेंट्रल डेस्क

# विकास और जनविश्वास की ऐतिहासिक जीत



हरियाणा में सम्पन्न हुए नगर निकाय चुनावों के परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश की जनता ने विकास, पारदर्शिता और जनसेवा की नीति पर एक बार फिर अपना अटूट विश्वास जताया है। यह जनादेश केवल चुनावी जीत नहीं, बल्कि जनता के भरोसे, संतोष और अपेक्षाओं का सशक्त प्रतिबिंब है। इस व्यापक जनसमर्थन के लिए प्रदेश की जागरूक और सजग जनता का हृदय से आभार व्यक्त किया जाता है, जिन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए विकास की दिशा को समर्थन दिया। 10 मई को हुए मतदान के बाद 13 मई की सुबह से शुरू हुई मतगणना में जैसे-जैसे परिणाम सामने आए, यह स्पष्ट होता गया कि प्रदेश की जनता ने स्थिरता, सुशासन और विकास की निरंतरता को प्राथमिकता दी है। सोनीपत, अंबाला और पंचकूला में उल्लेखनीय सफलता तथा अन्य नगर निकायों में व्यापक समर्थन इस बात का संकेत है कि जनता ने सकारात्मक और सरकार की परिणाम आधारित कार्यशैली को स्वीकार किया है। यह परिणाम केवल आंकड़ों की जीत नहीं, बल्कि उस विश्वास की अभिव्यक्ति है जो जनता ने वर्तमान शासन व्यवस्था के प्रति व्यक्त किया है।

विशेष रूप से रोहतक जिले के सांपला क्षेत्र में प्राप्त सफलता ने प्रदेश की राजनीति में एक महत्वपूर्ण संदेश दिया है। लंबे समय से एक विशेष राजनीतिक प्रभाव वाले क्षेत्र में इस प्रकार का जनादेश यह दर्शाता है कि मतदाता अब परंपरागत सीमाओं से आगे बढ़ चुके हैं और वे विकास, पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता दे रहे हैं। सांपला नगरपालिका अध्यक्ष पद पर प्रवीण कोच की जीत और वार्ड स्तर पर विविध परिणाम इस बात का संकेत हैं कि लोकतंत्र में जनता की भूमिका निर्णायक होती है और वही अंततः परिवर्तन की दिशा तय करती है।

इसी के साथ ही पंचकूला में श्यामलाल बंसल की जीत भी सरकार के प्रति जनता का विश्वास प्रदर्शित करती है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन ने विकास की इस यात्रा को नई दिशा और गति प्रदान की है। उनके नेतृत्व में देश जिस प्रकार सुशासन, आत्मनिर्भरता और समावेशी विकास की ओर अग्रसर है, उसी से प्रेरणा लेकर हरियाणा भी प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है। नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन और जनकल्याणकारी योजनाओं के विस्तार में उनकी सोच और दृष्टि का स्पष्ट प्रभाव दिखाई देता है। इसके साथ ही यह अभूतपूर्व सफलता हरियाणा सरकार के कुशल, दूरदर्शी और जन-केंद्रित नेतृत्व का परिणाम है। हमारी सरकार में प्रशासन को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए गए हैं।

यहां शासन को केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं रखा, बल्कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया है। हमारी कार्यशैली का केंद्र बिंदु यह रहा है कि सरकार का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और कोई भी पात्र नागरिक योजनाओं से वंचित न रहे। यह जनादेश केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक नई जिम्मेदारी का संदेश भी है। यह संकेत देता है कि जनता विकास, पारदर्शिता और जनसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है और वह इसी दिशा में निरंतर प्रगति देखना चाहती है। आने वाले समय में यह विश्वास सरकार के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा और प्रदेश को और अधिक सशक्त, समृद्ध और प्रगतिशील बनाने में मार्गदर्शक सिद्ध होगा।

# सफाई संकट, 6 घंटे चली बैठक में नहीं बनी बात, हड़ताल पर फैसला आज

- सरकार ने मांगें पूरी करने के लिए 30 जून तक समय मांगा

**चंडीगढ़।** हरियाणा में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल को लेकर कोई हल नहीं निकल पाया है। चंडीगढ़ में सरकार और सफाई कर्मचारियों के बीच 6 घंटे चली मीटिंग में भी हड़ताल समाप्ति पर कोई फैसला नहीं हो पाया। वार्ता के बाद कर्मचारी नेता नरेश शास्त्री का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि फायर डिपार्टमेंट और नगर पालिका के कर्मचारियों के मांग पत्र को लेकर चर्चा हुई है। जो मीटिंग में बातें हुई है वह सारी चीज जो हमारे कर्मचारी हैं उनको बुलाकर उनके सामने रखी जाएगी, और हड़ताल पर आगामी निर्णय लिया जाएगा। सरकार ने हमें आश्वासन दिया है कि जो भी आपकी मांगे हैं हम उसको 30 जून तक पूरा कर देंगे।

### हाईकोर्ट पहुंच चुका मामला

हरियाणा के विभिन्न शहरों में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के कारण हो रहे गंभीर सफाई संकट और कूड़े के ढेर को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका में शहरी सफाई व्यवस्था बहाल करने, जमा कूड़े को तुरंत हटाने और सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई है। याचिकाकर्ता गोकुल सेतिया ने याचिका में सिरसा समेत कई शहरों में फैले कूड़े के ढेर और स्वच्छता की बदहाल स्थिति का जिक्र किया है।

# हरियाणा ने दिल्ली में उठाया किशाऊ डैम पानी विवाद

*केंद्रीय मंत्री पाटिल ने 5 राज्यों की बुलाई बैठक*
*फरीदाबाद-पलवल को गंगा कैनाल से मिलेगा पानी*

**चंडीगढ़।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल की अध्यक्षता में बुधवार को नई दिल्ली में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के बीच महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में दोनों राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने केंद्रीय मंत्री के समक्ष किशाऊ बांध परियोजना को शीघ्र आगे बढ़ाने और संबंधित राज्यों के बीच जल्द एमओयू कराने का मुद्दा उठाया। इस पर केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान के अधिकारियों की जल्द बैठक बुलाकर जल बंटवारे और बिजली उत्पादन से जुड़े विषयों पर निर्णय लेने के निर्देश दिए। बैठक में फरीदाबाद और पलवल के लिए उत्तर प्रदेश से अपर गंगा कैनाल के जरिए पानी उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई।

# पांचवीं कक्षा के छात्र ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

*तीन दिन से था परेशान, नहीं जा रहा था स्कूल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर के गांधी नगर में पांचवीं कक्षा के एक छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि वह पिछले तीन चार दिनों से परेशान था और स्कूल नहीं जा रहा था। घटना के समय घर में वह अकेला था। मां जब दवाई लेकर घर लौटी तो ऊपर के कमरे में छात्र फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक के बड़े भाई विकास ने बताया कि उनके परिवार में चार भाई बहन हैं। उसके पिता वैल्डिंग का काम करते हैं। 13 वर्षीय निखिल सबसे छोटा भाई था और शहर के निजी स्कूल में पांचवीं कक्षा में पढ़ता था। वह पिछले तीन चार दिनों से किसी कारण वश स्कूल नहीं जा रहा था। सुबह के वक्त उनका पिता काम पर चला गया और बाकी भाई बहन स्कूल गए हुए थे। मां सुषमा देवी की तबीयत खराब होने के कारण वह दवाई लेने अस्पताल चली गईं। दोपहर करीब एक बजे जब मां घर लौटी तो निखिल नीचे नहीं मिला। उन्होंने घर और आसपास उसकी तलाश की । लेकिन कोई पता नहीं चला। इसके बाद मां ऊपर बने कमरे में गईं। जहां निखिल फंदे से लटका हुआ मिला। उसने टीन शेड में लगी हुक से मां के प्लाजो का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। बेटे को इस हालत में देखकर मां ने शोर मचाया और पुलिस को सूचना दी।



निखिल का फाइल फोटो।

## ग्रुप-डी के रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया में तेजी, 31 मई तक रिक्त पदों की सूची मांगी

**चंडीगढ़।** सरकार ने राज्य के विभिन्न विभागों, बोर्डों, निगमों, प्राधिकरणों तथा अन्य सरकारी एजेंसियों में रिक्त ग्रुप-डी के नियमित पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत चौकीदार और स्वीपर के पदों को छोड़कर अन्य सभी रिक्त नियमित ग्रुप-डी पद हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) के माध्यम से भरे जाएंगे। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने इस संबंध में सभी प्रशासनिक सचिवों, बोर्डों, निगमों, वैधानिक निकायों तथा राज्य सरकार के स्वामित्व और नियंत्रण वाली अन्य एजेंसियों के प्रमुखों को रिक्त पदों की नई मांग 31 मई, 2026 तक एचएसएससी के पोर्टल अपलोड करने के निर्देश दिए हैं।

# नशे की हालत में वाहनों को टक्कर मारने वाले एएसआई पर केस

- पुलिस शिकायत प्राधिकरण, यूटी चंडीगढ़ ने एसएसपी व एसएचओ सेक्टर-3 को दिए निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

चंडीगढ़ पुलिस शिकायत प्राधिकरण ने सुरक्षा विंग में तैनात एएसआई दलजीत सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 125 और 281 के तहत एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। प्राधिकरण ने एसएसपी और सेक्टर-3 थाना प्रभारी को निर्देश दिया है कि मामले की जांच एएसआई से वरिष्ठ अधिकारी द्वारा कराई जाए। मामला 3 दिसंबर 2025 का है, जब एएसआई दलजीत सिंह ने कथित रूप से नशे की हालत में ब्रेजा कार चलाते हुए कैमबवाला रोड पर कई वाहनों को टक्कर मार दी थी। कार एक स्कूल बस से भी भिड़ी, हालांकि बस में बच्चे नहीं थे, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के समय एएसआई ड्यूटी से अनुपस्थित था और उसी दिन नशे की हालत में ड्यूटी पर पहुंचने पर निलंबित किया गया था। प्राधिकरण ने कहा कि पुलिस ने मामले को हल्का दिखाने और आरोपी को कठोर धाराओं से बचाने का प्रयास किया। शुरुआती जांच में पीसीआर कर्मियों और बस चालक के बयान तक दर्ज नहीं किए गए। बाद में पुलिसकर्मियों ने पुष्टि की कि एएसआई शराब के नशे में था और उसने मेडिकल जांच के लिए रक्त नमूना देने से भी इनकार किया। शराब के प्रभाव में लापरवाही से वाहन चलाकर कई वाहनों को टक्कर मारना गंभीर अपराध है।

## एचसीएस अधिकारी गौरव कुमार को मिला अतिरिक्त कार्यभार

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर महत्वपूर्ण फेरबदल करते हुए एचसीएस अधिकारी गौरव कुमार को भूमि अर्जन अधिकारी, पंचकूला का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। गौरव कुमार वर्तमान में हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग में सचिव के पद पर कार्यरत हैं और अब वे अपने मौजूदा दायित्वों के साथ पंचकूला में भूमि अर्जन से जुड़े कार्यों की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। इस संबंध में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा आदेश जारी किए गए हैं।

## प्रदेश के राजकीय कॉलेजों को मिले 435 नए असिस्टेंट प्रोफेसर

**चंडीगढ़।** हरियाणा की उच्च शिक्षा प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने आज प्रदेश के राजकीय कॉलेजों के लिए नवनियुक्त 435 असिस्टेंट प्रोफेसरों को उनके नियुक्ति स्थान (स्टेशन) सहित नियुक्ति पत्र दिए। भर्ती प्रक्रिया के तहत प्रदेश के कॉलेजों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों में नए शिक्षक मिले हैं। इन नियुक्तियों में ज्योग्राफी (भूगोल) के 277, राजनीति विज्ञान के 71 और इतिहास के 87 असिस्टेंट प्रोफेसर शामिल हैं।

**Horticulture Department, Haryana**
Integrated Horticulture Development Centre, Sundrah, (Mahendragarh)
Email:- ihdcsundrah@gmail.com, Ph:-01285-244076

**भोजन की व्यवस्था हेतु कुटेशन आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह, जिला महेन्द्रगढ़ में वित्तिय वर्ष 2026-27 के दौरान विभिन्न प्रकार के 05 दिवसीय कुल 10 प्रशिक्षण करवाए जाने हैं। इस दौरान प्रदेश के प्रगतिशील किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन प्रशिक्षण में किसानों के लिए सुबह की चाय एवं स्नैक्स, दोपहर का भोजन (रोटी, दो सब्जी, चावल, रायता, सलाद, पापड़, मिठाई) व सायं की चाय एवं स्नैक्स की व्यवस्था करने हेतु खुले बाजार से कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. स. | कार्य का विवरण | किसानों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | केन्द्र पर जी.एस.टी. पंजीकृत फर्म द्वारा सुबह की चाय एवं स्नैक्स, दोपहर का भोजन (रोटी, दो सब्जी, चावल, रायता, सलाद, पापड़, मिठाई) व सायं की चाय एवं स्नैक्स की व्यवस्था करना | 20 किसान प्रतिदिन |

इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन फर्म के लेटर हैड पर दिनांक 15.05.2026 सुबह 11 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर/ ई-मेल (ihdcsundrah@gmail.com) के माध्यम से जमा करवा सकते हैं। केन्द्र की आकलन कमेटी द्वारा कुटेशन आकलन करने उपरांत सबसे कम मुल्य वाली कुटेशन फर्म को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन स्वीकृत / अस्वीकृत करने के सभी अधिकार केन्द्र की आकलन कमेटी के पास होंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए श्री मुकेश शिवरान, विषय विशेषज्ञ, एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह से मो० 9828499793 पर संपर्क किया जा सकता है।

हस्ता/- उपनिदेशक उद्यान
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह
पीआरडीएच-1149/11/1049/2027/45090/88/6 दि. 13.05.26

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, फतेहाबाद**
**गुमशुदा की तलाश**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आँशिका पुत्री उदयवीर निवासी वार्ड न. 23, इन्दिरा कालोनी टोहाना, थाना शहर टोहाना, जिला फतेहाबाद, दिनांक. 18/19.02.2026 को अपने घर से बिना बताए कहीं चली गई है। परिजनों व पुलिस द्वारा अब तक की गई तलाश के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है।
गुमशुदा लड़की का हुलिया निम्नलिखित है:
- नामः आँशिका
- उम्रः लगभग 17 वर्ष
- कदः लगभग 4 फीट 6 इच
- रंगः साफ
- चेहराः गोल चेहरा, मध्यम शरीर
- पहनावाः भुरे रंग का सुट-सलवार व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए थी।

जिस किसी सज्जन को उपरोक्त लड़की के संबंध में कोई सूचना प्राप्त हो, वह कृपया तुरंत नीचे दिए गए संपर्क सूत्रों पर सूचित करेः
संपर्क करें:
थाना शहर टोहाना
मोबाइल नं.:
प्रबन्धक अफसर थाना शहर टोहाना
88140-11712, अनुसंधान कर्ता-88140-11712
या नजदीकी पुलिस स्टेशन में जानकारी दें।
आपकी दी गई सूचना गुप्त रखी जाएगी।
पीआरडीएच-1084/11/4810/2027/45131/88/6 दि. 13.05.26

**भारतीय सेना में शामिल हों**
**JOIN INDIAN ARMY AS AN OFFICER**
www.joinindianarmy.nic.in

**अधिकारी प्रविष्टि**

भारतीय सेना के 10+2 टी ई एस 56 कोर्स (जनवरी 2027) के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। ऑनलाइन आवेदन www.joinindianarmy.nic.in पर 13 मई 2026 से 12 जून 2026 तक खुले हैं। टी ई एस - 56 कोर्स के लिए JEE Mains 2026 अनिवार्य है। यह कक्षा 12वीं में पी सी एम (भौतिकी रसायन और गणित) में न्यूनतम 60% अंकों के मापदंड के अतिरिक्त है।

**OFFICER ENTRY**

Online applications are invited for 10+2 Technical Entry Scheme (TES-56) course (Jan 2027) of Indian Army. Online applications will open on www.joinindianarmy.nic.in from 13 May 2026 to 12 Jun 2026. JEE (Mains) 2026 is mandatory for TES-56 Course. This is in addition to the criteria of minimum 60% marks in PCM (Physics, Chemistry and Mathematics) in Class 12th.

**नोट :-**
1. सेना में भर्ती पूर्णतया पारदर्शी और मुफ्त है। दलालों से सावधान रहें।
2. विस्तृत नोटिफिकेशन और जानकारी के लिये, कृपया www.joinindianarmy.nic.in पर जाएं।

**Note :**
1. Recruitment in the Army is totally transparent and free. Beware of touts.
2. For detailed Notification, please visit www.joinindianarmy.nic.in.

CBC 10601/11/0003/2627

# शाहबाद शुगर मिल के सामने कार से मिला हैंड ग्रेनेड

■ आरोपी ने रिमांड पर खोले राज, एक व्यक्ति से मांगी थी फिरौती, उसे बनाना था निशाना, अपने मोटर यार्ड में छिपाया था ग्रेनेड

### चीन मेड दो ग्रेनेड आए थे, एक साथी लेकर चला गया

दलजीत सिंह ने बताया कि आरोपी सूर्यप्रताप के पास 2 ग्रेनेड आए थे। कुछ दिन पहले ही उसका एक सहयोगी उससे एक ग्रेनेड लेकर चला था। यह ग्रेनेड चीन का बना हुआ है। आरोपी लगातार विदेश में बैठे अपने आका के संपर्क में थे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहबाद

शाहबाद में लाडवा रोड पर शुगर मिल के सामने मोटर यार्ड से हैंड ग्रेनेड मिला है। हैंड ग्रेनेड शुगर मिल के इथेनॉल प्लांट के सामने महादेव मोटर यार्ड में खड़ी स्कोडा कार से बरामद हुआ। पिछले दिनों अंबाला में एक युवक सूर्य प्रताप से पिस्टल मिली थी। रिमांड पर सूर्य प्रताप ने इस हैंड ग्रेनेड के बारे में बताया। महादेव मोटर यार्ड सूर्य प्रताप का है। मौके पर एसटीएफ की टीम पहुंची। इंस्पेक्टर दलजीत सिंह की अगुवाई में बम निरोधक दस्ते ने हैंड ग्रेनेड को खेतों में गहरा गड्ढा खोदकर निष्क्रिय किया। मौके पर थाना प्रभारी और हुड्डा चौकी के इंचार्ज भी मौजूद रहे। सुरक्षा एजेंसियां यह भी जांच कर रही हैं कि आरोपी के पास ग्रेनेड कहां से आया और इसका इस्तेमाल किस मकसद से किया जाना था। एसटीएफ यूनिट अंबाला के इंस्पेक्टर दलजीत सिंह ने बताया कि आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में था। उसने कुरुक्षेत्र या अंबाला में कहीं ब्लास्ट करना था। आरोपी ने पूछताछ में कबूल किया कि हमने किसी से फिरौती मांगी हुई थी। कुछ दिन बाद ही उस व्यक्ति को निशाना बनाना था।






## फरीदाबाद निगम के सहायक अभियंता संजय बंसल निलंबित

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार के शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने जिला फरीदाबाद में 12 मई, 2026 को आयोजित दिशा बैठक में नगर निगम फरीदाबाद के सहायक अभियंता संजय बंसल के विरुद्ध लगाए गए आरोपों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन की अवधि के दौरान संजय बंसल का मुख्यालय पंचकूला निर्धारित किया है। बैठक में भाजपा नेताओं ने गंभीर आरोप लगाए थे।

मामले की निष्पक्ष एवं तथ्यात्मक जांच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम फरीदाबाद की अतिरिक्त आयुक्त सलोनी शर्मा को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि वे संजय बंसल के विरुद्ध लगाए गए आरोपों की विस्तृत जांच कर 10 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट सरकार को प्रस्तुत करें। यह आदेश हरियाणा सरकार के शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव अशोक कुमार मीणा, आईएएस द्वारा जारी किए गए हैं।

## क्रशर संचालक ने फाइनेंसरों से तंग आकर निगला जहर

# 2 करोड़ देने पर भी नहीं उतरा 40 लाख लोन


■ सुसाइड से पहले पांच मिनट 40 सेकंड का वीडियो बना परिजनों को भेजा, राजस्थान सीएम के दूर का रिश्तेदार बताया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सूदखोरों के ब्याज का जाल इतना गहरा है कि कोई एक बार उसमें फंस गया तो अपना सबकुछ ही गंवा देता है। ऐसा ही एक मामला नारनौल में भी सामने आया है। रेवाड़ी-नारनौल के बीच राजस्थान कस्बा काठूवास क्षेत्र में एक क्रशर संचालक ने अपनी गाड़ी में सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। इस आत्महत्या से पहले व्यक्ति ने करीब पांच मिनट 40 सेकंड का एक वीडियो भी बनाया, जिसमें उसने एक बाऊजी को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है।

वीडियो में यह भी कहा गया है कि उसने मोटे ब्याज पर पैसे लिए थे, जिनसे वह परेशान था। परिजन बता रहे हैं कि लोन केवल 40 लाख का लिया था, लेकिन उसके बदले दो करोड़ रुपये दे चुके थे।

### वीडियो परिजन को भेजा तो सुसाइड का पता चला



बताया जा रहा है कि हरीश शर्मा ने बीते मंगलवार राजस्थान-हरियाणा के बॉर्डर पर गांव काठूवास के नजदीक अपनी गाड़ी में सल्फास की गोलियां खा लीं, जिससे वह बेहोश हो गया। आत्महत्या करने से पहले उसने एक वीडियो बनाया। इस वीडियो को हरीश ने अपने बेटे-पत्नी व अन्य जानकारों को भेज दिया। जब परिजनों ने वीडियो देखा तो उससे बातचीत कर बताई गई जगह पर पहुंचे। जहां से वे उसको यहां के एक निजी अस्पताल में लेकर आए, जहां पर डॉक्टरों ने उसको हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसको राजस्थान के जयपुर में इलाज के लिए ले जा रहे थे। इस दौरान जयपुर से करीब 50 किलोमीटर पहले उसकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई। इस पर वे उसको एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में लेकर चले गए। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने उसका वहीं पर पोस्टमार्टम करवाया। इसके बाद उसके अंतिम संस्कार के लिए राजस्थान के सीकर ले गए। वहीं इस घटना के बाद पूरे शहर में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

मृतक राजस्थान के सीएम भजनलाल का दूर का रिश्तेदार बताया जा रहा है। वैसे तो मृतक हरीश शर्मा मूल रूप से राजस्थान के सीकर शहर का रहने वाला है लेकिन कई सालों से वह नारनौल शहर में हुडा सेक्टर एक में रह रहा था। इसकी क्रशर के कारोबार में कई लोगों से पार्टनरशिप थी। यह क्रशर राजस्थान के नीमकाथाना जिले के गौरीर दूधवा में भी लगे हुए थे। यह क्षेत्र नारनौल सीमा से सटा हुआ है। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि हरीश कुमार नामक व्यक्ति के सुसाइड केस के मामले को जिला रेवाड़ी पुलिस देख रही है। महेंद्रगढ़ पुलिस के पास इस संबंध में अभी कोई शिकायत नहीं मिली है और ना ही पहले कोई शिकायत दी गई थी।

### दिसम्बर 2024 में नारनौल के एक परिवार ने भी निगला था जहर

दिसम्बर 2024 में भी नारनौल के एक परिवार ने फाइनेंसरों से तंग आकर सुसाइड की थी। 22 दिसम्बर 2024 को रूपिंद्र कौर ने अपनी माता हरविंद्र कौर को कॉल करके बताया कि हम पूरा परिवार आत्महत्या करने जा रहे हैं। इसी दौरान एक सुसाइड नोट व्हाट्सएप पर भी भेजा। यह देख शाहदरा दिल्ली वासी मनप्रीत सिंह ने बहन रूपिंद्र कौर को उसके मोबाइल पर कॉल करके पूछा तो उसने बताया कि हमने सोमबीर गुर्जर व अक्षय से पैसे उधार लिए हुए हैं, अब वह हमें परेशान कर रहे हैं। इनकी प्रताड़ना से तंग आकर हम सभी आत्महत्या कर रहे हैं। यह बोलकर फोन काट दिया। बहन और उसके परिवार ने सोमबीर व अक्षय से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की है। तब मौके पर रूपिंद्र कौर, पति आशीष व छोटे बेटे शानदीप की मौत हो गई थी।

## ठग ड्रीम गर्ल बन सेक्सटॉर्शन के जाल में फंसाते थे, 5 पकड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

साइबर थाना पुलिस ने ड्रीम गर्ल बनकर करीब 100 लोगों को ठगने वाले एक बड़े सेक्सटॉर्शन गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में राजस्थान के 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह का एक सदस्य फिल्म 'ड्रीम गर्ल' से प्रेरित होकर लड़की की आवाज निकालकर लोगों को जाल में फंसाता था।

जांच में सामने आया कि आरोपी सोशल मीडिया पर फर्जी महिला प्रोफाइल बनाकर युवकों से संपर्क करते थे। उन्हें अश्लील चैट कर फंसाया जाता था। इसके बाद वीडियो कॉल कर पहले से रिकॉर्डेड वीडियो दिखाकर पूरी बातचीत की स्क्रीन रिकॉर्डिंग कर ली जाती थी। इसके बाद शुरू होता था ब्लैकमेलिंग का खेल। आरोपी पीड़ित को अश्लील वीडियो वायरल करने या पुलिस कार्रवाई का डर दिखाकर ब्लैकमेल करते और पैसे ऐंठते थे। गिरोह इस तरीके से अब तक 100 से ज्यादा लोगों को निशाना बना चुका है, जिनमें अधिकतर दिल्ली-एनसीआर के निवासी हैं।

### राजस्थान से किए काबू

पुलिस ने राजस्थान के करौली निवासी भगवान सिंह, देवा गुर्जर, बिजेंद्र, धीरज और मनीष को गिरफ्तार किया है। इनमें भगवान सिंह को गिरोह का सरगना बताया जा रहा है, जो लड़की की आवाज निकालने में माहिर था। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी जानबूझकर एक व्यक्ति से सीमित रकम ही मांगते थे, ताकि पीड़ित शिकायत दर्ज न कराए।

## पूर्व डिप्टी स्पीकर के बेटे व भाजपा नेता विजय पाल को मिली धमकी के मामले में आया नया मोड़

# गवाह बोला- विजय को पहले ही पता था पाकिस्तानी नंबर से आएगी धमकी

पार्षद के बयान के बाद पुलिस अब नए एंगल से भी कर रही जांच, कहीं सुरक्षा लेने को तो नहीं रचा गया ड्रामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

पूर्व डिप्टी स्पीकर चौधरी वेद पाल के बेटे और भाजपा के वरिष्ठ नेता एडवोकेट चौधरी विजय पाल को मिली जान से मारने की धमकी का मामला अब नया मोड़ लेता दिखाई दे रहा है। पुलिस जांच में इस पूरे घटनाक्रम को लेकर कई सवाल खड़े हुए हैं और मामले को संदिग्ध बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, विजय पाल को एक विदेशी नंबर से व्हाट्सएप कॉल आने और धमकी मिलने की शिकायत दी गई थी। आरोप लगाया गया था कि कॉल करने वाले ने परिवार को नुकसान पहुंचाने और 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा बढ़ा दी थी और जांच शुरू की थी।

जांच के दौरान सामने आया कि कॉल की रिकॉर्डिंग पहले से तय योजना के तहत करवाई गई थी। मामले में मनोनीत पार्षद विशेष वर्मा का नाम गवाह के रूप में सामने आया। विशेष वर्मा ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह विजय पाल के पास बैठे थे, तभी उन्हें कहा गया कि पाकिस्तान के नंबर से कॉल आएगी और उसकी वीडियो रिकॉर्डिंग करनी है। कुछ देर बाद कॉल आई और रिकॉर्डिंग की गई। सूत्रों के अनुसार विशेष वर्मा के बयान के बाद जांच का रुख बदल गया और पुलिस को संदेह हुआ कि पूरा घटनाक्रम पहले से योजनाबद्ध हो सकता है। बताया जा रहा है कि पुलिस तकनीकी आधार पर भी मामले की जांच कर रही है। हालांकि धमकी मिलने के बाद विजय पाल मीडिया के सामने आए थे। उन्होंने बताया था कि कॉल करने वाले ने खुद को बराड़ बताते हुए परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी थी। बता दें कि चौधरी वेदपाल 1982 में घरौंडा से कांग्रेस के टिकट पर विधायक बनने के बाद विधानसभा में डिप्टी स्पीकर बने थे।



सीएम नायब सिंह सैनी के साथ एडवोकेट विजय पाल। -फाइल फोटो

### सुरक्षा बूथ हटने के बाद बढ़ी चर्चा

बताया जा रहा है कि 5 मई को एनडीआरआई चौक स्थित विजय पाल के घर के बाहर बने पुलिस सुरक्षा बूथ पर एनएचएआई द्वारा कार्रवाई की गई थी। इसके बाद पूरे घटनाक्रम को लेकर चर्चाएं तेज हो गईं। जांच के दौरान यह चर्चा भी सामने आई कि पुलिस सुरक्षा हासिल करने के उद्देश्य से पूरे घटनाक्रम की पटकथा तैयार की गई थी। हालांकि पुलिस की ओर से अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

## नेशनल हाईवे पर ट्रक में घुसा कैंटर, चालक व क्लीनर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



जैसलमेर नेशनल हाईवे पर मंगलवार की रात मुर्गियों से भरा कैंटर आगे चल रहे ट्रक में घुस गया। इस हादसे में कैंटर चालक और क्लीनर की दर्दनाक मौत हो गई। कैंटर में भरी सैकड़ों मुर्गियां भी मर गईं। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। केस दर्ज करने के बाद ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी।

राजस्थान के भैतावता खुर्द निवासी 23 वर्षीय मुकेश कुमार और 27 वर्षीय मुकेश कैंटर में मुर्गियां भरकर दिल्ली की ओर जा रहे थे। रात को करीब 12 बजे माजरा के निकट पहुंचने के बाद आगे चल रहे ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे कैंटर ट्रक में घुस गया। हादसे के बाद चालक और क्लीनर कैंटर के कैबिन में फंस गए। आसपास के लोगों ने चालक और क्लीनर को कैंटर से बाहर निकाला। अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## 10 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के 2 आरोपियों का एनकाउंटर, एक के पैर में लगी गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

दस वर्षीय बच्ची के साथ दरिंदगी करने वाले बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में दोनों तरफ से गोलियां चलीं। इस दौरान एक बदमाश के पांव में गोली लगी, जबकि दूसरा बाइक से गिरकर घायल हो गया। दोनों को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

मंगलवार को बहादुरगढ़ के सेक्टर 6 थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में घर में घुसकर बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया था। तब से पुलिस की कई टीमें मामले में भागदौड़ कर रही थी। इसी दौरान बुधवार देर शाम पुलिस को भनक लगी कि आरोपी पटेल नगर से केएलजे की ओर जाने वाले रोड पर हैं और हथियार लेकर घूम रहे हैं। पुलिस की एवीटी टीम तुरंत वहां गई। पुलिस के मुताबिक, टीम को देखते ही आरोपियों ने फायरिंग की और भागने लगे। इस दौरान बाइक स्लिप हुई तो आरोपी गिर गए। उन्होंने दोबारा गोलियां चलाईं। बचाव में पुलिस ने भी फायरिंग की और एक गोली मोहित के पांव को लग गई, जबकि दीपक बाइक से गिरकर चोटिल हुआ। इसके बाद दोनों आरोपी काबू कर अस्पताल ले जाए गए, जहां से पीजीआई रोहतक रेफर कर दिए गए। मोहित पर चोरी, स्नेचिंग सहित अन्य वारदातों के करीब 15 मुकदमे दर्ज हैं। जबकि दीपक का क्राइम रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। दोनों लाइनपार के रहने वाले हैं।



बहादुरगढ़। आरोपी को अस्पताल ले जाते पुलिसकर्मी।

## 8 क्विंटल 15 किलो डोडा पोस्त के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सीआईए स्टाफ नरवाना ने मोहलखेड़ा पुल पर कैंटर को पकड़कर उसमें से आठ क्विंटल 15 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर दो तस्करों को काबू किया है। डोडा पोस्त को राजस्थान से तस्करी कर पंजाब ले जाया जा रहा था। शहर थाना नरवाना पुलिस ने डोडा पोस्त के साथ पकड़े गए दोनों नशा तस्करों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनयम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

सीआईए नरवाना प्रभारी सुखदेव सिंह के नेतृत्व में टीम ने नरवाना के खनौरी रोड मोहलखेड़ा रेलवे पुल के निकट नाकेबंदी कर वाहनों पर नजर रखी थी। एक कैंटर के तिरपाल के नीचे 39 कट्टे भरे मिले। जांचने पर उनमें डोडा पोस्त भरा पाया गया। जिसका वजन आठ क्विंटल 15 किलोग्राम पाया गया। पुलिस पूछताछ में कैंटर सवार लोगों की पहचान बरनाला (पंजाब) के बाबादीप नगर निवासी गुरचरण सिंह तथा गांव पालखेड़ी जिला चितौड़गढ़ (राजस्थान) निवासी महेश राव के रूप में हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि डोडा पोस्त को राजस्थान से तस्करी कर पंजाब के आलमगीर इलाके में स्पलाई किया जाना था।








सख्ती | राज्य सूचना आयोग ने आरटीआई में लापरवाही पर कड़ा संज्ञान लिया

# सूचना न देने पर जींद के एसपीआईओ के वारंट जारी

■ एडवोकेट वीरेंद्र जांगड़ा ने 15 सितम्बर 2022 को नगर परिषद से गली निर्माण से संबंधित सूचना मांगी थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत जानकारी उपलब्ध न कराने और बार-बार आयोग की सुनवाई से अनुपस्थित रहने पर हरियाणा राज्य सूचना आयोग ने नगर परिषद जींद के एसपीआईओ सहसचिव सुमित दहिया के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने मामले में जमानती वारंट जारी करते हुए पुलिस अधीक्षक जींद के माध्यम से एसपीआईओ की हाजरी सुनिश्चित करने तथा संबंधित अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से आयोग के समक्ष उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

नरवाना रोड जींद निवासी एडवोकेट वीरेंद्र जांगड़ा ने बताया कि उन्होंने आरटीआई आवेदन से जुड़े मामले में गली निर्माण से संबंधित सूचनाएं 15 सितंबर 2022 को नगर परिषद जींद से मांगी थी लेकिन निर्धारित समयावधि में जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके बाद उन्होंने प्रथम अपील और फिर द्वितीय अपील राज्य सूचना आयोग में दायर की थी। राज्य सूचना आयोग ने 20 दिसंबर 2023 को पारित अपने आदेश में पाया था कि मांगी गई सूचना अब तक उपलब्ध नहीं कराई गई है। आयोग ने नगर परिषद जींद के एसपीआईओ को निर्देश दिए थे कि उपलब्ध रिकॉर्ड के आधार पर प्रमाणित एवं बिंदुवार सूचना निशुल्क अपीलकर्ता को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही आयोग ने यह भी कहा था कि यदि सूचना में कोई कमी पाई जाती है तो अपीलकर्ता अपनी आपत्तियां दर्ज करा सकता है। मामले की सुनवाई के दौरान आयोग ने पाया कि संबंधित एसपीआईओ द्वारा आयोग के आदेशों की लगातार अवहेलना की गई है तथा आदेशों का पालन नहीं किया गया। आयोग ने धारा 20 (1) के तहत कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए पूछा था कि सूचना उपलब्ध न कराने पर उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए।

### सूचना देने के लिए चार बार दी गई तारीख, लेकिन नहीं आए अधिकारी

एडवोकेट जांगड़ा ने बताया कि मामले की सुनवाई सात फरवरी 2024, 22 मई 2024, आठ सितंबर 2025 तथा 26 नवंबर 2025 को निर्धारित थी लेकिन संबंधित अधिकारी आयोग के समक्ष जानबूझ कर उपस्थित नहीं हुए। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि एसपीआईओ अधिकारी की लगातार अनुपस्थिति और कारण बताओ नोटिस का जवाब प्रस्तुत न करना आरटीआई अधिनियम की जानबूझ कर अवहेलना को दर्शाता है। आयोग ने यह भी टिप्पणी की कि संबंधित अधिकारी का रवैया अपने वैधानिक कर्तव्यों के निर्वहन के प्रति लापरवाह और उदासीन प्रतीत होता है। राज्य सूचना आयोग ने सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा तथा सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के प्रावधानों का हवाला देते हुए संबंधित अधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए जमानती वारंट जारी किए गए हैं। आयोग ने आदेश दिया कि पुलिस अधीक्षक जींद को वारंट की प्रति भेजी जाए ताकि वारंट की तामील सुनिश्चित की जा सके। आयोग ने नगर परिषद जींद के एसपीआईओ सहसचिव सुमित दहिया को निर्देश दिए हैं कि वे आठ जुलाई 2026 को प्रातः 11 बजे पंचकूला स्थित राज्य सूचना आयोग कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों। उन्हें कारण बताओ नोटिस का जवाब, अनुपालन रिपोर्ट और पूरे मामले से संबंधित रिकॉर्ड भी साथ लेकर आने के आदेश दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### पीएफसी का लाभ 3 फीसदी बढ़कर 8,598 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन का वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 8,597.61 करोड़ रुपये रहा है। यह वृद्धि खर्चों में कमी के कारण हुई। 2024-25 की समान तिमाही में कंपनी ने 8,357.88 करोड़ रुपये शुद्ध लाभ कमाया था।

### टीवीएस मोटर का लाभ बढ़कर 819 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी टीवीएस मोटर कंपनी लिमिटेड का वित्त वर्ष-2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में वाहनों की मजबूत बिक्री के कारण एकीकृत शुद्ध लाभ 17.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 819.55 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 697.51 करोड़ रुपये था।

### बर्जर पेंट्स का मुनाफा बढ़कर 335 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** बर्जर पेंट्स इंडिया लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 27.52 प्रतिशत बढ़कर 335.25 करोड़ रुपये रहा है। इसमें उत्पाद मिश्रण में सुधार और कच्चे माल की कीमतों में नरमी का योगदान रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 262.91 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# देश की अर्थव्यवस्था में 500 अरब डॉलर का योगदान देगा एआई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- एआई 2030 तक अर्थव्यवस्था में 47 .81 लाख करोड़ का योगदान कर सकता है

कृत्रिम मेधा (एआई) में 2030 तक भारत की अर्थव्यवस्था में 500 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक योगदान देने की क्षमता है। यह जानकारी आईबीएम और इंडियाएआई की संयुक्त रिपोर्ट में दी गई। 'फ्रॉम प्रॉमिस टू पावरः हाउ एआई इज रीडिफाइनिंग इंडियाज इकॉनमिक फ्यूचर' शीर्षक वाली यह रिपोर्ट विभिन्न उद्योगों एवं संगठनों के 1,500 भारतीय अधिकारियों के सर्वेक्षण और 405 भारतीय अधिकारियों के साथ किए गए एक त्वरित सर्वेक्षण पर आधारित है।

## आईबीएम और इंडियाएआई ने जारी की संयुक्त रिपोर्ट

### भारत 2030 तक एआई क्षेत्र में होगा अग्रणी

बहुत कम देश भारत जैसे पैमाने, डिजिटल क्षमता एवं महत्वाकांक्षा के साथ एआई युग में प्रवेश कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, करीब 73 प्रतिशत भारतीय अधिकारियों का मानना है कि 2030 तक भारत एआई क्षेत्र में अग्रणी देश होगा। यह भरोसा बड़े बाजार, अग्रणी डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना एवं दुनिया के सबसे बड़े आईटी सेवा कार्यबल पर आधारित है।



*सबसे शक्तिशाली विकास इंजन में से एक हो सकता है : आईबीएम इंडिया एवं दक्षिण एशिया के प्रबंध निदेशक संदीप पटेल ने कहा कि एआई भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सबसे शक्तिशाली विकास इंजन में से एक बन सकता है। उन्होंने कहा, भारत को अलग बनाने वाली बात केवल अपनाने का पैमाना नहीं होगी, बल्कि यह भी होगा कि संगठन मजबूत डेटा आधार, हाइब्रिड आर्किटेक्चर' और एआई के साथ काम करने में सक्षम कार्यबल के साथ विश्वसनीय एआई प्रणालियां कैसे विकसित करते हैं।*

### एआई लोगों की आकांक्षाओं का विस्तार करने का माध्यम बने

कृष्णन ने कहा, '' हमारा दृष्टिकोण स्पष्ट है। एआई को लोगों की आकांक्षाओं का विस्तार करने वाला माध्यम बनना चाहिए जो समावेशी विकास एवं राष्ट्रीय प्रगति को आगे बढ़ाए। विकसित भारत के हमारे दृष्टिकोण के तहत हम विश्वास, नैतिकता और राष्ट्रीय संप्रभुता पर आधारित मानव-केंद्रित एआई दृष्टिकोण को आगे बढ़ा रहे हैं।''

**एआई में निवेश देश की जीडीपी वृद्धि को प्रभावित कर सकता है :** रिपोर्ट में पाया गया कि सर्वेक्षण में शामिल 80 प्रतिशत भारतीय कारोबारी प्रमुखों का मानना है कि एआई में निवेश देश की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि को सीधे प्रभावित करेगा। रिपोर्ट में कहा गया, '' एआई 2030 तक भारत की अर्थव्यवस्था में 500 अरब डॉलर से अधिक (करीब 47.81 लाख करोड़ रुपये) का योगदान कर सकता है, जिससे देश दुनिया की सबसे गतिशील एआई-चालित अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो सकता है।

**अभी एआई में केवल 15 फीसदी संगठनों का निवेश**

वर्तमान में केवल 15 प्रतिशत संगठन विभिन्न विभागों में निवेश के जरिये एआई को बड़े पैमाने पर लागू कर रहे हैं जबकि 85 प्रतिशत अभी शुरुआती चरण में ही हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि भारत अब केवल वैश्विक एआई चर्चा में भाग नहीं ले रहा, बल्कि उसे आकार भी दे रहा है।

## भविष्य निधि से पैसा निकालना जल्द होगा स्वचालित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त रमेश कृष्णमूर्ति ने बुधवार को कहा कि ईपीएफओ जल्द ही अंतिम भविष्य निधि निकासी दावों के निपटान की प्रक्रिया को स्वचालित करेगा। इससे आवेदक के बैंक खातों में पैसे के अंतरण में तेजी आएगी। केंद्रीय भविष्य निधि संगठन के सात करोड़ से अधिक अंशधारक हैं। वर्तमान में, पांच लाख रुपये तक की आंशिक या अग्रिम निकासी दावों का निपटान स्वचालित रूप से किया जाता है। स्वचालित निपटान के लिए समयसीमा दावा दाखिल करने की तिथि से तीन दिन है। उद्योग मंडल एसोचैम के नए श्रम संहिता पर आयोजित एक कार्यक्रम में कृष्णमूर्ति ने कहा, ''हम फिलहाल जहां तक संभव हो, स्वचालित निपटान शुरू करने जा रहे हैं...।

### आयात शुल्क में वृद्धि से कीमतें बढ़ जाती है

# सोने पर शुल्क वृद्धि से आभूषण व्यापार को नुकसान होगा, तस्करी का खतरा बढ़ेगा: निर्यातक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सोने पर आयात शुल्क बढ़ाकर 15 प्रतिशत किए जाने के बाद रत्न एवं आभूषण उद्योग को आने वाले समय में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। इससे अवैध बाजार और तस्करी को बढ़ावा मिलने की भी आशंका है। निर्यातकों के अनुसार, आयात शुल्क में वृद्धि से आमतौर पर कीमतें बढ़ जाती हैं।

हाल के समय में, सोने की कीमतें दोगुनी होने के बावजूद आयात में उसके अनुरूप कमी नहीं आई है। उनका मानना है कि ऐसे उपाय अक्सर तस्करी को बढ़ावा देते हैं और निर्यात लागत को बढ़ाते हैं। इसका सबसे गंभीर असर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) विनिर्माताओं पर पड़ेगा जो ''गंभीर नकदी संकट'' का सामना कर रहे हैं।


### कारोबार अब कठिन होने वाला है

अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण परिषद (जीजेसी) के चेयरमैन राजेश रोकड़े ने कहा, '' प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) के मितव्ययिता उपायों और सर्राफा आयात शुल्क बढ़ने से कारोबार अब कठिन होने वाला है। उद्योग को आशंका है कि इससे अवैध बाजार और तस्करी को बढ़ावा मिलेगा...।''

- सोने की कीमतें दोगुनी होने के बावजूद आयात नहीं घटा
- ऐसे उपाय अक्सर तस्करी को बढ़ावा देते है
- एमएसएमई विनिर्माता गंभीर नकदी संकट का सामना कर रहे

### 27,000 रुपए प्रति दस ग्राम सोना महंगा हो सकता है

शुल्क बढ़ोतरी को समझाते हुए रोकड़े ने कहा कि अब सीमा शुल्क, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) और कृषि उपकर को मिलाकर आयात शुल्क के कारण सोना पहले के 13,500 रुपये प्रति 10 ग्राम से बढ़कर लगभग 27,000 रुपये प्रति 10 ग्राम महंगा हो सकता है। उन्होंने कहा कि जीजेसी ने हाल के नीतिगत निर्णयों पर विचार करने और आगे की रणनीति तय करने के लिए बुधवार को मुंबई में उद्योग की सभी संस्थाओं की बैठक बुलाई है।



## आयात शुल्क बढ़ने से सोना 8,550 चढ़ा, चांदी ने लगाई 20,500 की छलांग

**नई दिल्ली (भाषा)।** सरकार के बहुमूल्य धातुओं पर आयात शुल्क 15 प्रतिशत किए जाने के बाद बुधवार को स्थानीय बाजार में सोने की कीमत 8,550 रुपये बढ़कर 1.65 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम से ऊपर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 20,500 रुपये बढ़कर 2,97,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जो कल 2,77,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 8,550 रुपये या पांच प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1,65,350 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। इसका पिछला बंद भाव 1,56,800 रुपये प्रति 10 ग्राम था। सरकार ने सोने और चांदी पर आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया है जबकि प्लैटिनम पर इसे 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 15.4 प्रतिशत किया गया है। इसके परिणामस्वरूप सोने/चांदी के डोरे, सिक्के, अन्य वस्तुएं आदि पर भी कर में बदलाव किए गए हैं।

ये नए शुल्क बुधवार से लागू हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर विदेशी मुद्रा बचाने के लिए ईंधन के विवेकपूर्ण उपयोग, सोने की खरीद एवं विदेश यात्रा को स्थगित करने जैसे उपायों के आह्वान के बाद यह घोषणा की गई है। स्थानीय कारोबारियों ने कहा कि बढ़े हुए शुल्क का वास्तविक प्रभाव आने वाले दिनों में तब दिखाई देगा जब यह खरीद लागत में परिलक्षित होने लगेगा। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख (जिंस) हरीश वी. ने कहा, '' भारत में सोने पर आयात शुल्क में हालिया बढ़ोतरी से स्थानीय कीमतें बढ़ने एवं भौतिक मांग पर अस्थायी असर पड़ने की संभावना है।

## केआरएमयू के छात्र का गुगल समर ऑफ कोड में चयन



**गुरुग्राम।** के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय के बी.टेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग (**CSE**) के 6वें सेमेस्टर के छात्र जयंत पराशर का चयन गुगल समर ऑफ कोड (**GSoC**) 2026 के लिए हुआ है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत वह एक ओपन-सोर्स प्रोजेक्ट में अपने योगदान के लिए **Google** से 3,00,000 (**USD** 3,000) की स्टाइपेंड राशि प्राप्त करेंगे। **Google Summer of Code** एक वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त पहल है, जिसके अंतर्गत छात्रों को अनुभवी मेंटर्स के मार्गदर्शन में ओपन-सोर्स संगठनों के साथ वास्तविक प्रोजेक्ट्स पर कार्य करने का अवसर मिलता है। इसका चयन प्रक्रिया अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक होती है और इसे तकनीकी दक्षता का एक महत्वपूर्ण मानदंड माना जाता है। "जयंत का चयन उस शिक्षण वातावरण को दर्शाता है जिसे हम **KRMU** में विकसित करने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं — ऐसा वातावरण जो प्रायोगिक सीखने, वैश्विक समुदायों से जुड़ाव और छात्रों की स्वयं की प्रगति को प्राथमिकता देता है। इस प्रकार की उपलब्धियाँ तब संभव होती हैं जब मार्गदर्शन, जिज्ञासा और अवसर एक साथ मिलते हैं।"

## सरकार को इस साल रिकॉर्ड लाभांश दे सकता है रिजर्व बैंक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के इस वर्ष सरकार को अब तक का सबसे अधिक लाभांश दिए जाने की संभावना है। इससे केंद्र को पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए वित्तीय मदद मिल सकेगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। आरबीआई ने 2024-25 के लिए केंद्र सरकार को 2.69 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभांश दिया था जो इससे पिछले वर्ष 2023-24 के 2.11 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 27 प्रतिशत अधिक था। सूत्रों ने बताया कि आरबीआई इस महीने होने वाली अपनी निदेशक मंडल की बैठक में लाभांश की राशि पर निर्णय ले सकता है।

## ब्रिगेड एंटरप्राइजेज की बिक्री बुकिंग में गिरावट

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी ब्रिगेड एंटरप्राइजेज लिमिटेड की बिक्री बुकिंग वित्त वर्ष 2025-26 में पांच प्रतिशत घटकर 7,424 करोड़ रुपये रह गई। कंपनी ने इसकी मुख्य वजह कुछ आवासीय परियोजनाओं के लिए मंजूरियां मिलने में देरी को बताया है। वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी की बिक्री बुकिंग 7,847 करोड़ रुपये थी।

## राशिफल

**मेष:** मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष:** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन:** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क:** किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह:** परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या:** संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला:** नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक:** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु:** सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर:** किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ:** आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन:** शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

## शेयर बाजार में चार दिन से जारी गिरावट थमी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। बीएसई सेंसेक्स 50 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 33 अंक की तेजी रही। कारोबारियों के अनुसार रुपये के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और लगातार वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर निकासी ने लाभ को सीमित किया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 49.74 अंक बढ़कर 74,608.98 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ऊंचे में 75,191.57 अंक तक गया जबकि नीचे में 74,134.48 अंक तक आया। यानी कारोबार के दौरान इसमें 1,057.09 अंक की घट- बढ़ हुई।



इसी तरह निफ्टी 33.05 अंक बढ़कर 23,412.60 अंक पर बंद हुआ। लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा, ''वैश्विक बाजार के अपेक्षाकृत स्थिर संकेतों ने भी इस तेजी को समर्थन दिया। इससे तात्कालिक गिरावट का दबाव कम हुआ। हालांकि, कच्चे तेल की ऊंची कीमत, बढ़ती मुद्रास्फीति को लेकर चिंताओं और विदेशी निवेशकों (एफआईआई) की निरंतर निकासी के कारण लाभ सीमित रहा।''

**बोली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय मण्डी सैनियान हांसी-II (18987) खण्ड हांसी-II (बास) में कण्डम घोषित विद्यालय के 2 कमरे बरामदे सहित व 1 ऑफिस की बोली की जानी है। इच्छुक बोलीदाता बोली में भाग लेने हेतु दिनांक को सुबह 10:00 बजे विद्यालय में आकर बोली दे सकते हैं। बोली दाता को (10,000) (दस हजार रूपये) नकद अन्तिम धरोहर राशि जमा करवानी होगी। सफल बोली दाता को शेष राशि उसी दिन अथवा एक सप्ताह के अन्दर जमा करवानी होगी। बाकी नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।
मोबाइल नंबर - 9034804453

Sd/-Head Teacher
G.P.S.
Mandi Sainiyan Hansi-II

**राजकीय प्राथमिक पाठशाला चार कुतुब हांसी-II (हिसार)**

**बोली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला चारकुतुब (12669) खण्ड बास हांसी-2 में कण्डम घोषित विद्यालय के 3 कमरे और कार्यालय की बोली की जानी है। इच्छुक बोलीदाता बोली में भाँग लेने हेतु दिनांक 30-05-2026 को 12 बजे विधालय में आकर बोली दे सकते हैं। बोलीदाता को 10,000 (दस हजार) नकद अन्तिम धरोहर राशि जमा करवानी होगी। सफल बोलीदाता को शेष राशि उसी दिन अथवा एक सप्ताह के अन्दर जमा करवानी होगी। बाकी नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।
मोबाइल नं- 9991751552

Sd/- Head Teacher
Govt. Primary School
Char Kutub, Hansi - II

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छवानी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई-नीलामी रेलवे वेब साइट **www.ireps.gov.in**, के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| नीलामी काटलोग सं. | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|
| UMB-Prkg-14-26 | साइट प्लान के अनुसार, व्यापक पार्किंग स्थल जिसका क्षेत्रफल 507 वर्ग मीटर है, स्टेशन भवन के निकट परिवर्ती क्षेत्र में और दोपहिया वाहनों के लिए पार्किंग स्थल कुल क्षेत्रफल 386.82 वर्ग मीटर में, रामपुरा फूल (पुल) रेलवे स्टेशन के दूसरे प्रवेश द्वार पर | 19.05.26 12:00:00 |
| | सहारनपुर में T2 कॉलोनी पार्क के पास, कुल 1133 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला एक विस्तृत पार्किंग स्थल। | |
| | विस्तृत पार्किंग स्थल कुल क्षेत्रफल 3383.5 वर्ग मीटर (1129.02 वर्ग मीटर + 2254.48 वर्ग मीटर) सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर (मुख्य ओर) | |
| | विस्तृत पार्किंग स्थल कुल क्षेत्रफल 1116.55 वर्ग मीटर अबोहर रेलवे स्टेशन पर | |
| | तपा रेलवे स्टेशन के परिसर में स्थित 344.40 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का एक व्यापक पार्किंग स्थल। (साइट प्लान के अनुसार) | |
| | गिद्दड़बाहा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में, कुल 522.38 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले एक व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1594/26

**सूचना**

मैं, बलदेव राज पुत्र श्री हरनाम सिंह निवासी मकान नं. 165 नजदीक सतीभाई सांईदास गुरूद्वारा कलानौर तहसील कलानौर जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र रोहित कुमार व पुत्रवधु शालु मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महम | खेड़ी रोड वार्ड नं. 3 महम में नाला का निर्माण। | बंद होने की तिथि 18.05.2026 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9992861958 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/45117/I/88/6 दि. 13.05.26


**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Sh. Sh. Aditya Saini
Civil Judge (Junior Division), REWARI
NARENDER KUMAR
Vs.
DILSAD AHMED
CNR No. HRRE02-001909-2024
Next Date:- 19-08-2026
PUBLICATION ISSUED TO :
DILSAD AHMED
Father:-BUNDU
House No. 42, Sector-3, Part-II, Near Bawal Road, Rewari.
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 19-08-2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district notice&district=Rewari
Sd/- (Aditya Saini)
Civil Judge (Junior Division), Rewari
Dated, this day of 11-05-2026

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला (एचएमएससीएल) | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर बीएलएस मैन्नेक्विंस की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा। | 12.05.2026 26.05.2026 | रु.26,25,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |
| 2 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला (एचएमएससीएल) | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर एसीएलएस मैन्नेक्विंस की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा। | 12.05.2026 26.05.2026 | रु..2,00,00,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |
| 3 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला (एचएमएससीएल) | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर इन्टूबेशन ट्रेनर एडल्ट मैन्नेक्विंस की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा। | 12.05.2026 26.05.2026 | रु.50,00,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/45095/I/88/6 दि. 13.05.26

## शब्द पहेली - 6225




**बाएँ से दाएँ**
1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

### शब्द पहेली- 6224 का हल





# आस्था साबित करने के लिए मंदिर जाना जरूरी नहीं

**सबरीमाला केस में शीर्ष अदालत में सुनवाई जारी**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की 9 न्यायाधीशों वाली संविधान पीठ ने धार्मिक स्वतंत्रता और प्रथाओं से जुड़े मामलों की सुनवाई करते हुए हिंदू धर्म की व्यापक व्याख्या की है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की पीठ ने स्पष्ट किया कि हिंदू धर्म केवल पूजा-पाठ या कर्मकांडों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह 'जीवन जीने का एक तरीका' है। अदालत ने कहा कि किसी व्यक्ति को अपना हिंदू अस्तित्व बनाए रखने के लिए मंदिर जाना या विशेष धार्मिक अनुष्ठान करना अनिवार्य नहीं है। सुनवाई के दौरान पीठ ने टिप्पणी की कि यदि कोई व्यक्ति अपनी आस्था के वशीभूत होकर अपनी झोपड़ी में मात्र एक दीपक भी जलाता है, तो उसकी धार्मिक पहचान सिद्ध करने के लिए वही पर्याप्त है। यह सुनवाई सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश, दाऊदी बोहरा समुदाय की प्रथाओं और अन्य धार्मिक अधिकारों से जुड़ी याचिकाओं पर हो रही थी।

### व्यक्ति अपनी आस्था को लेकर स्वतंत्र

जस्टिस बी वी नागरत्ना ने कहा कि इसी वजह से हिंदू धर्म को जीवन जीने का तरीका कहा जाता है। हिंदू बने रहने के लिए मंदिर जाना या कोई अनुष्ठान करना जरूरी नहीं है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति अपनी आस्था को लेकर स्वतंत्र है और किसी को इसमें बाधा नहीं डालनी चाहिए।

**प्रवीण सूद का कार्यकाल 24 मई को खत्म होना था**

# राहुल की आपत्ति दरकिनार, सीबीआई चीफ को मिला एक्सटेंशन

**नए डायरेक्टर को चुनने के लिए बुलाई गई बैठक हंगामेदार रही**

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के निदेशक प्रवीण सूद के कार्यकाल को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। प्रधानमंत्री आवास पर नए सीबीआई को चुनने के लिए हुई हाई-प्रोफाइल बैठक बिना किसी नतीजे के खत्म हुई थी। मेज के एक तरफ प्रधानमंत्री और मुख्य न्यायाधीश थे, तो दूसरी तरफ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, जिन्होंने चयन प्रक्रिया पर कड़ा ऐतराज जताते हुए प्रधानमंत्री के नाम एक 'नोट ऑफ डिसेंट' यानी असहमति का पत्र भी लिखा है, जिसमें उन्होंने कड़े लहजे में कहा कि विपक्ष कोई रबर स्टैंप नहीं है। जब नए नाम पर बात नहीं बनी तो केंद्र ने एक बार फिर सबसे भरोसेमंद सिपहसालार प्रवीण सूद पर दांव खेल दिया। आधी रात के करीब जारी हुआ एक आदेश और सीबीआई मुख्यालय की कमान फिर से एक साल के लिए सूद के हाथों में सुरक्षित कर दी गई।



### पीएम आवास में हुई बैठक

प्रधानमंत्री आवास में हुई इस बैठक में पीएम मोदी के अलावा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सीजेआई सूर्यकांत मौजूद थे। इस बैठक के बाद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सीबीआई डायरेक्टर के चयन प्रक्रिया से अलग होने की जानकारी दी।


## खबर संक्षेप



### रंगासामी ने ली पुडुचेरी के सीएम पद की शपथ

**नई दिल्ली।** पुडुचेरी की राजनीति के दिग्गज नेता और ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस के संस्थापक एन रंगासामी ने बुधवार को 5वीं बार पुदुचेरी के सीएम के रूप में शपथ ली। लोक निवास में समारोह में उपराज्यपाल के कैलाशनाथन ने रंगासामी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। रंगासामी ने ईश्वर के नाम पर शपथ ग्रहण की।

### बाहुबली पूर्व विधायक मिश्रा को उम्रकैद



**प्रयागराज।** यूपी के बाहुबली पूर्व विधायक विजय मिश्रा से जुड़ी बड़ी खबर है। हत्या से जुड़े 46 साल पुराने मामले में एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने मिश्रा को सजा सुनाई है। कोर्ट ने मिश्रा समेत 4आरोपियों को कठोर उम्र कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आईपीसी धारा 302 में कठोर आजीवन कारावास और और सभी को एक-एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

### अल्पसंख्यक कल्याण राष्ट्रीय सम्मेलन करेगा

**नई दिल्ली।** अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय गुरुवार को भागीदारी से भाग्योदय की परिकल्पना के तहत अल्पसंख्यक कल्याण- विकसित भारत के लिए एआई के माध्यम से समावेशी विकास विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करेगा। इसका उद्देश्य समावेशी शासन को मजबूत करना, नीतिगत पहुंच बढ़ाना व अल्पसंख्यक समुदायों को प्रोत्साहित करना है।

### शाहपुर में ढाई करोड़ से बन रहा पुल गिरा



**शिमला।** मामला हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले का शाहपुर का है, जहां पर करोड़ों रुपए की लागत से बन रहा पुल ढह गया। भ्रष्टाचार की बात इसलिए लिखी क्योंकि अंग्रजों के बनाए पुल अब भी हिमाचल प्रदेश में जैसे के तैसे टिके हुए हैं। पुल के गिरने से पीडब्ल्यूडी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए जा रहे हैं। इसके साथ ही ठेकेदार भी निशाने पर है।

**संदिग्ध उग्रवादियों ने घात लगाकर किया हमला**

# मणिपुर में कुकी चर्च के तीन नेताओं की गोली मारकर हत्या

*सम्मेलन से टीबीए के सदस्य चुराचांदपुर से लौट रहे थे*

कांगपोकपी जिले में वारदात के बाद तनाव, हिंसा भड़की

**गुस्साए लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-2 बंद किया**





एजेंसी ▶▶| इंफाल

मणिपुर के कांगपोकपी जिले में बुधवार को थाडौ बैपटिस्ट एसोसिएशन (टीबीए) के तीन चर्च नेताओं की अज्ञात हथियारबंद लोगों द्वारा गोली मारकर हत्या की गई, जिससे पूरे इलाके में गहरा तनाव और दहशत फैल गई है। इस बर्बर हमले में पांच अन्य लोग घायल भी हुए हैं, जिनका इलाज अस्पताल में जारी है।

मृतकों की पहचान मणिपुर बैपटिस्ट कन्वेंशन (एमबीसी) के पूर्व महासचिव रेव. वी. सितल्होउ, रेव. वी. कैगौलुन और पास्टर पाओगौलेन के रूप में हुई है। घायल हुए लोगों में रेव. एसएम हाओपु, रेव. हेकाई सिमटे, रेव. पाओथांग और दो ड्राइवर लेलें व गौमांग शामिल हैं। ये सभी चुराचांदपुर जिले के लमका में आयोजित टीबीए सम्मेलन से दो वाहनों में कांगपोकपी लौट रहे थे, तभी कोतजिम और कोतलेन इलाकों के बीच उन पर अचानक फायरिंग की गई, जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस जघन्य वारदात के बाद गुस्साए लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-2 (एनएच-2) को पत्थर और लकड़ियां लगाकर अवरुद्ध कर दिया।

### 10 को बंधक बनाया

- हमले के बाद खबरें आईं कि नागा समुदाय के कम से कम 10 लोगों को बंधक बना लिया गया
- जवाब में कथित रूप से कुकी समुदाय ने भी कुछ को बंधक बनाया
- अधिकारी ने कहा कि हमें रिपोर्ट मिली है कि इस हमले के बाद नागा और कुकी दोनों ने बंधक बनाए हैं
- हमने इन सूचनाओं की जांच और दोनों पक्षों से उनकी रिहाई सुनिश्चित करने के लिए बल भेजे हैं

### सीएम ने की घटना की निंदा



मैं कांगपोकपी के कोटलेन और कोटजिम इलाकों में आम लोगों पर हथियारबंद बदमाशों की गोलीबारी की कायरतापूर्ण आतंकी हरकत की कड़ी निंदा करता हूं।
**-युमनाम खेमचंद सिंह,** मणिपुर सीएम

### अलग-अलग संगठन के चार उग्रवादी पकड़े

उधर, मणिपुर पुलिस को दो जिलों में बड़ी सफलता मिली है। अलग-अलग संगठनों से जुड़े चार उग्रवादियों को पकड़ा गया है। पुलिस ने बताया कि एक उग्रवादी को इंफाल पश्चिम जिले के कंचिपुर सुपरमार्केट और दूसरे को इंफाल पूर्व जिले के चेकॉन क्रॉसिंग से पकड़ा गया है। बाकी दो उग्रवादियों को इन्हीं दो जिलों के लैंगोल लैमनाई और नोंगदा मखा लेइकाई से गिरफ्तार किया गया है।

### कल विस्फोटक सामग्री बरामद की गई थी


बता दें कि इससे पहले सोमवार को सुरक्षा बलों ने बिष्णुपुर जिले के मोइरांग पुलिस थाना क्षेत्र के त्रोंगलाओबी मानिंग गुरुखाना इलाके से विस्फोटक सामग्री बरामद की थी। इसके अलावा वायरलेस कंट्रोल रिले स्विच वाला एक आईईडी, पांच बैटरियां, बारूद से भरी छह प्लास्टिक की थैलियां, 12.75 मीटर लाल तार और दो डेटोनेटर मिले थे।

# एसआईआर में जिनके नाम कटे, अब उन्हें नहीं मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल की नई भाजपा सरकार ने यह जोर देकर कहा है कि वह तृणमूल कांग्रेस शासनकाल की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सुविधाएं जारी रखेगी। हालांकि, मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने पत्रकारों से कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं, उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा। महिला एवं बाल विकास मंत्री का कार्यभार संभाल चुकीं अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि सरकार ने मतदाता सूची से हटाए गए नामों का आकलन करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि हम एक जून से पहले एक विश्लेषण करेंगे।

### सीधे खातों में जाएगा पैसा



सरकार ने तय किया है कि सभी लाभ सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजे जाएंगे। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर प्रणाली को और मजबूत किया जाएगा ताकि बिचौलियों की भूमिका खत्म हो सके।

### 2.2 करोड़ की होगी जांच

राज्य सरकार के पास लक्ष्मी भंडार योजना के 2.2 करोड़ महिला लाभार्थियों का डेटा है। सूची का मिलान एसआईआर के दौरान हटाए गए 63 लाख नामों और उन 27 लाख मतदाताओं से किया जाएगा जिनकी अपीलें ट्रिब्यूनल में लंबित हैं।

## रथ हत्याकांड: जांच को घटनास्थल पर पहुंची सीबीआई

- टीम के पास आधुनिक 3डी स्कैनर थे
- टीम कई घंटे घटनास्थल पर रही
- अब तक तीन की गिरफ्तारी हो चुकी



*कोलकाता। सीएम शुभेंदु अधिकारी के करीबी सहयोगी(पीए) चंद्रनाथ रथ की हत्या मामले में सीजेआई ने जांच तेज कर दी है। बुधवार को सीजेआई की टीम ने उत्तर 24 परगना के माध्यमग्राम स्थित घटनास्थल का दोबारा दौरा किया और अत्याधुनिक थ्रीडी स्कैनर की मदद से पूरे इलाके का डिजिटल मैप तैयार किया। इस 'फोरेंसिक रिकंस्ट्रक्शन' के जरिए सीजेआई उस रात की हर एक हलचल और गोलीबारी के सटीक क्रम को तकनीकी रूप से प्रमाणित करना चाहती है। गवाहों के बयानों और मौके से मिले भौतिक सबूतों का मिलान करना आसान होगा। राज्य सरकार के अनुरोध पर सीबीआई ने हाल ही में यह मामला अपने हाथ में लिया है ।*

### टीसीएस केसः निदा खान को छिपाने वाले पार्षद की प्रॉपर्टी पर चला बुलडोजर

**पुणे(एजेंसी)।** महाराष्ट्र के चर्चित नासिक टीसीएस कथित धर्मांतरण केस में बुलडोजर एक्शन सामने आया है। बुधवार को स्थानीय मंत्री संजय शिरासाट के ऐलान के अनुसार इस मामले में आरोपी निदा खान को छिपाने के बुलडोजर एक्शन हुआ। स्थानीय प्रशासन ने एआईएमआईएम के पार्षद मतीन पटेल की प्रॉपर्टी को तोड़ा दिया। एआईएमआईएम के पार्षद की प्रॉपर्टी पर बुलडोजर एक्शन के बाद राजनीति भी गरमा गई है। एमआईएमआईएम नेता इम्तियाज जलील ने कहा है कि कार्रवाई को लेकर कहा कि बुलडोजर नहीं, बल्कि न्याय का जनाजा निकाला गया। छत्रपति संभजीनगर (पूर्व में औरंगाबाद) में बुलडोजर एक्शन के दौरान निगम ने पार्षद मतीन पटेल के आवास और कार्यालय के अवैध हिस्सों को तोड़ दिया।



### राजस्थान के पूर्व मंत्री शर्मा को पुलिस ने हिरासत में लिया

**झुंझुनूं।** गहलोत सरकार में मंत्री और नवलगढ़ (झुंझुनूं) से 3 बार विधायक रहने वाले डॉ. राजकुमार शर्मा, उनके भाई कांग्रेस नेता डॉ. राजपाल शर्मा को पुलिस ने बुधवार को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उन्हें झुंझुनूं जिले के नवलगढ़ उपखंड क्षेत्र स्थित पैतृक गांव परसरामपुरा से हिरासत में ले लिया। दरअसल,पूर्व मंत्री शर्मा और उनके सैकड़ों समर्थकों ने परसरामपुरा गांव में बने खेल स्टेडियम को तोडने का विरोध किया था। उन्होंने बड़ी संख्या में पुलिस एवं प्रशासनिक आलाधिकारियों और आरएएसी जवानों की मौजदूगी में गिरफ्तारी दी। पुलिस इन लोगों को अपनी वैन में बिठाने के बाद गांव से लेकर चली गई।

### एनआईए ने हिजबुल से जुड़े नार्को आतंकी इकबाल सिंह शेरा को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े नार्को-आतंकवादी इकबाल सिंह शेरा के पुर्तगाल से प्रत्यर्पण के बाद एनआईए ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। भारत पहुंचते ही एनआईए ने उसे गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि 6 साल पहले 2020 में पंजाब के अमृतसर का रहने वाला इकबाल पुर्तगाल भाग गया था। गिरफ्तार भगोड़े के खिलाफ अक्टूबर, 2020 से ही गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी था। फिर, जून 2021 से ही उसको अरेस्ट करने के लिए इंटरपोल नोटिस भी जारी हुआ था। जांच में आतंकी शेरा को भारत स्थित नार्को-टेरर मॉड्यूल का मास्टरमाइंड और ऑपरेटर पाया, जो पाकिस्तान से हेरोइन की स्मगलिंग में शामिल था। पंजाब के अमृतसर का रहने वाला इकबाल सिंह शेरा, पाकिस्तान से ड्रग की तस्करी की साजिश का मास्टरमाइंड था।



### बंगाल में विधायक हुमायूं कबीर ने पूरे सदन में बांटी मिठाइयां, सीएम शुभेंदु अधिकारी को लगाया गले



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में दिलचस्प नजारा देखने को मिला, जब आम जनता उन्नयन पार्टी के प्रमुख और विधायक हुमायूं कबीर 500 चनाबारा और 150 पीस मनोहरा मिठाइयां लेकर सदन पहुंचे। नवादा सीट से विधायक पद की शपथ लेने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी को गले लगाया और उनकी जमकर तारीफ की। हुमायूं ने कहा कि राजनीतिक उथल-पुथल के बाद अब माहौल में मिठास घोलने की जरूरत है, इसलिए वह सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए मिठाई लाए हैं। नई सरकार अच्छा काम करे और किसी को कोई परेशानी न हो। चुनाव के दौरान विवादों में रहे हुमायूं कबीर ने दो सीटों पर जीत दर्ज की है। विधानसभा में उनका यह अंदाज राजनीतिक सौहार्द का संदेश देता नजर आया।

**सुको ने बढ़ते सड़क हादसों पर की टिप्पणी**

# देश में लेन ड्राइविंग का सिस्टम नहीं, ये हादसों की बड़ी वजह

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को देश में बढ़ते सड़क हादसों को लेकर कहा कि भारत में लेन ड्राइविंग का कोई कॉन्सेप्ट ही नहीं है। यही दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बन रहा है।

कोर्ट ने सड़क सुरक्षा को लेकर कई अहम निर्देश भी जारी किए। कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश दिया कि पब्लिक ट्रांसपोर्ट गाड़ियों में व्हीकल लोकेशन ट्रेकिंग डिवाइस और इमरजेंसी पैनिक बटन अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। कोर्ट ने कहा कि ये उपकरण खासकर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों की सुरक्षा के लिए जरूरी हैं। केंद्र सरकार ने 2018 में ही यह नियम लागू किया था, लेकिन अब तक केवल करीब 1 फीसदी वाहनों में ही ये उपकरण लगाए गए हैं। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने 2012 में दायर सर्जन एस. राजशेखरन की जनहित याचिका पर सुनवाई की। याचिका में सड़क सुरक्षा नियमों को प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग की गई थी। सफेद या पीली लाइनों के बीच गाड़ी चलाना ही लेन ड्राइविंग है।

**कुर्सी संभालते ही सरमा का बड़ा फैसला**

# यूसीसी को दी मंजूरी, 26 को विधानसभा में पेश होगा बिल

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी



असम में दूसरी बार मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालने के बाद सीएम हिमंत बिस्वा सरमा एक्शन मोड में आ गए हैं। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की क्राइम ब्रांच के सामने पेशी के साथ उन्होंने बड़े चुनावी वादे को लागू करने की तरफ कदम बढ़ा दिए हैं। बुधवार को हिमंत बिस्वा सरमा की अगुवाई वाले कैबिनेट ने यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) के ड्राफ्ट को मंजूरी दे दी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को घोषणा की कि असम सरकार यूनिफॉर्म सिविल कोड बिल पेश करेगी (यूसीसी) को 26 मई को असेंबली में पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि असम कैबिनेट ने 26 मई को राज्य विधानसभा सत्र के आखिरी दिन यूसीसी बिल (यूनिफॉर्म सिविल कोड बिल) पेश करने का फैसला किया है।

**तैयारी** | गंगा में जल परिवहन के लिए थालवेग सर्वेक्षण शुरू

# वाराणसी से प्रयागराज के बीच शुरू होगी क्रूज सेवाएं

- क्रूज और मालवाहक जलयानों का संचालन होगा सुगम
- पर्यटन, व्यापार और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा
- नदी के गहरे हिस्सों का अध्ययन किया जाएगा



एजेंसी ▶▶| वाराणसी

गंगा में नदी परविहन आधारति पर्यटन की सेवाओं को गत‍ि देने के लए‍ि वाराणसी और प्रयागराज के बीच गंगा नदी में इन दनिों जल परिवहन को सुगम बनाने के लिए थालवेग सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है। यह पूरा होने के बाद प्राप्त डाटा के अनुसार पूरी रूपरेखा प्रारंभ हो गया है। इसके बाद प्राप्त परणिामों के आधार पर ही गंगा में काशी से प्रयागराज के बीच क्रूज और मालवाहक जलयानों का संचालन गत‍ि पकड़ेगा।

उत्तर प्रदेश में गंगा नदी पर स्थित राष्ट्रीय जलमार्ग-1 के प्रयागराज-वाराणसी खंड पर वर्तमान में थालवेग सर्वेक्षण चल रहा है। यह सर्वेक्षण नौवहन मार्ग की निगरानी और राष्ट्रीय जलमार्गों पर जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत सरकार के बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण इस कार्य को संचालित कर रहा है। इस बाबत बुधवार को एक्स हैंडल पर सर्वे की जानकारी साझा की गई है।

### जल परिवहन संभावनाओं को बढ़ाने का प्रयास

- इस सर्वेक्षण के माध्यम से गंगा नदी में जल परिवहन की संभावनाओं को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे न केवल पर्यटकों के लिए क्रूज सेवाओं की शुरुआत होगी, बल्कि स्थानीय व्यापार और परिवहन में भी सुधार होगा। वाराणसी और प्रयागराज के बीच जल मार्ग का विकास क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होगा।
- गंगा नदी का जल परिवहन एक प्राचीन परंपरा है, जिसे पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस सर्वेक्षण के परिणामस्वरूप, जल परिवहन के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे का विकास किया जाएगा, जिससे पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकेगा। रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न करेगा।
- नदी के गहरे हिस्सों का अध्ययन किया जाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जल परिवहन के लिए सुरक्षित मार्ग उपलब्ध हो। सर्वेक्षण में नदी के प्रवाह, गहराई व अन्य भौगोलिक विशेषताओं का अध्ययन किया जाएगा।
- थालवेग सर्वे का अर्थ है नदी या घाटी के तल में सबसे गहरे और सबसे निचले बिंदुओं को जोड़ने वाली रेखा। यह नदी का वह मुख्य मार्ग है जहाँ पानी की धारा सबसे तेज और गहरी होती है। सरल शब्दों में, यह घाटी का सबसे निचला हिस्सा या जलमार्ग के बीच की सीमा रेखा है। इस सर्वे के बाद प्राप्त आंकड़ों के आधार पर ही जलमार्ग का असली रूट सामने आएगा।
- गाद निकालने और अन्य दुश्वारियों को दूर करने के लिए विभागीय कार्य भी गत‍ि पकड़ेंगे। सर्वेक्षण गंगा में जल परिवहन के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो न विकास को बढ़ावा देगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के साथ पूर्वांचल की जल परविहन आधारकि आर्थकि को भी गति देगा।



## चिंतन

# प्रधानमंत्री की पहल सबको देगी प्रेरणा

वैश्विक खाड़ी संकट और बढ़ती ऊर्जा चुनौतियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से तेल बचत, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग और अनावश्यक खर्चों में कटौती की अपील केवल प्रशासनिक निर्देश नहीं, बल्कि एक व्यापक राष्ट्रीय सोच का संकेत है। यह सबके लिए प्रेरणा है। जब देश का सर्वोच्च नेतृत्व स्वयं अपने काफिले को सीमित कर उदाहरण प्रस्तुत करता है, तो उसका प्रभाव केवल सरकारी तंत्र तक सीमित नहीं रहता, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचता है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से तेल बचाने सहित 7 सूत्रीय उपायों को अपनाने का आग्रह किया है। इसी क्रम में केंद्रीय मंत्रियों, भाजपा के मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों ने भी अपने काफिले को छोटा कर लिया है। दिल्ली के कई मंत्री तो सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करते दिख रहे हैं। हालांकि यह प्रतीकात्मक हो सकता है। चूंकि लंबे समय में यह आमजन की समस्याओं का कारण बन सकता है। केंद्र ने साफ किया है कि देश में तेल, गैस और अन्य संसाधनों की कमी नहीं है, लेकिन तेल की बचत देश की विदेशी मुद्रा को बचा सकती है। दरअसल, भारत जैसे विशाल और आयात-निर्भर देश के लिए ऊर्जा सुरक्षा केवल आर्थिक मुद्दा नहीं, बल्कि रणनीतिक आवश्यकता भी है। भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेशों से आयात करता है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय संकटों का सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था, महंगाई और विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ता है। प्रधानमंत्री द्वारा काफिले में वाहनों की संख्या घटाना प्रतीकात्मक अवश्य है, लेकिन लोकतंत्र में प्रतीकों का अपना महत्व होता है। जनता अक्सर नेताओं के आचरण से प्रेरणा लेती है। यदि शीर्ष नेतृत्व मेट्रो, ई-वाहन, कारपूलिंग और सीमित संसाधन उपयोग का संदेश देगा, तो समाज में भी व्यवहारिक परिवर्तन की संभावना बढ़ेगी। राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में मंत्रियों और अधिकारियों द्वारा काफिले सीमित करना, ई-स्कूटर या मेट्रो का उपयोग करना तथा बैठकों को वर्चुअल मोड में स्थानांतरित करना इसी दिशा में सकारात्मक पहल मानी जा सकती है। हालांकि यह भी ध्यान रखना होगा कि प्रतीकात्मकता और व्यवहारिकता के बीच संतुलन बना रहे। इसी प्रकार वर्क फ्रॉम होम, वर्चुअल मीटिंग और सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को दीर्घकालिक नीति के रूप में विकसित करने के लिए बुनियादी ढांचे को भी मजबूत करना होगा। यदि आम नागरिक को सुविधाजनक, सुरक्षित और समयबद्ध सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध नहीं होगा, तो केवल अपीलों से बड़े बदलाव संभव नहीं होंगे। हरियाणा सरकार भी सरकारी वाहनों को ईवी में बदलने की दिशा में कार्यरत है। इसे भविष्य की जरूरतों के अनुरूप कदम माना जा सकता है। यदि सरकारी संस्थान स्वयं ईवी अपनाते हैं, तो इससे निजी क्षेत्र और आमजन में भी विश्वास बढ़ेगा। प्रधानमंत्री द्वारा सोने की खरीद सीमित करने की अपील भी आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। ऐसे में आयात शुल्क बढ़ाने या खरीद कम करने की अपील का असर सीधे मध्यम वर्ग और पारिवारिक परंपराओं पर पड़ सकता है। इसलिए सरकार को संतुलित दृष्टिकोण अपनाते हुए डिजिटल गोल्ड, गोल्ड बॉन्ड और ईटीएफ जैसे विकल्पों को अधिक लोकप्रिय बनाना होगा, ताकि लोगों की निवेश आवश्यकताएं भी पूरी हों और विदेशी मुद्रा पर दबाव भी कम हो। अब आवश्यकता इस बात की है कि यह अभियान प्रतीकात्मकता तक सीमित न रहे, बल्कि जनभागीदारी के जरिए स्थायी जीवनशैली परिवर्तन का रूप ले।

## सियासत

प्रोफ़ेसर (डॉ.) भारत




# बंगाल : भारतीय राजनीति के नए अध्याय की आहट

भारतीय राजनीति में पश्चिम बंगाल हमेशा से केवल एक राज्य नहीं, बल्कि वैचारिक संघर्षों की प्रयोगशाला रहा है। कभी वामपंथ का गढ़, फिर तृणमूल कांग्रेस का अभेद्य किला और अब जब भारतीय जनता पार्टी ने राज्य विधानसभा चुनाव जीत लिया है, तो वहां केवल सत्ता परिवर्तन नहीं होगा, बल्कि यह भारतीय राजनीति की दिशा और दशा में एक ऐतिहासिक मोड़ माना जाएगा। बंगाल में भाजपा की जीत कई स्तरों पर अर्थपूर्ण होगी जैसे वैचारिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और राष्ट्रीय रणनीति के दृष्टिकोण से भी। सबसे पहले, इस परिणाम ने इस मिथक को तोड़ा है कि भाजपा केवल हिंदी पट्टी - उत्तर भारत या मध्य भारत की पार्टी है। पिछले एक दशक में भाजपा ने देश के विभिन्न हिस्सों में अपने संगठन और जनाधार का विस्तार किया है, किंतु बंगाल में जीत उसे वास्तविक अर्थों में सर्वभारतीय - सर्वस्वीकार्य दल के रूप में स्थापित करेगी। बंगाल की राजनीति लंबे समय तक धर्मनिरपेक्षता, क्षेत्रीय अस्मिता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के अपने विशिष्ट स्वरूप के लिए जानी जाती रही है। ऐसे में भाजपा की विजय यह संकेत है कि उसकी राजनीतिक और वैचारिक अपील अब क्षेत्रीय सीमाओं को पार कर चुकी है। यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेतृत्व के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछले वर्षों में भाजपा ने बंगाल में लगातार संगठनात्मक विस्तार किया, कार्यकर्ताओं को तैयार किया और स्थानीय नेतृत्व को उभारने का प्रयास किया। यह चुनावी सफलता भाजपा की दीर्घकालिक राजनीतिक रणनीति की बड़ी उपलब्धि है। इससे यह भी स्पष्ट हुआ कि भाजपा केवल चुनावी लहरों पर निर्भर नहीं है, बल्कि बूथ स्तर तक मजबूत संगठन खड़ा करने में सक्षम है। दूसरी ओर, यह परिणाम तृणमूल कांग्रेस के लिए एक गंभीर राजनीतिक संदेश है। ममता बनर्जी ने स्वयं को लंबे समय तक भाजपा विरोधी राजनीति के सबसे सशक्त चेहरे के रूप में प्रस्तुत किया है। उनकी राजनीति बंगाली अस्मिता, क्षेत्रीय गौरव और केंद्र के विरुद्ध संघीय अधिकारों के मुद्दों पर आधारित रही है। अब इसका अर्थ है कि जनता केवल भावनात्मक या क्षेत्रीय मुद्दों के आधार पर राजनीति को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। हालांकि, भाजपा की जीत को केवल हिंदुत्व राजनीति की विजय के रूप में देखना अधूरा विश्लेषण होगा। बंगाल में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, शिक्षक भर्ती घोटाले, राजनीतिक हिंसा और प्रशासनिक केंद्रीकरण जैसे मुद्दे लंबे समय से चर्चा में रहे हैं। आम मतदाता यदि सत्ता परिवर्तन का समर्थन करता है, तो उसके पीछे सुशासन, पारदर्शिता और विकास की अपेक्षा भी होगी। भाजपा के लिए यह जीत जितनी बड़ी उपलब्धि होगी, उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी भी होगी कि वह केवल राजनीतिक विजय तक सीमित न रहे, बल्कि प्रशासनिक स्तर पर भी अपेक्षाओं पर खरी उतरे। यह चुनाव परिणाम राष्ट्रीय विपक्ष की राजनीति पर भी गहरा प्रभाव डालेगा। पश्चिम बंगाल उन राज्यों में रहा है, जहां भाजपा को रोकने के लिए विपक्ष एकजुट होने की बात करता रहा है। यदि भाजपा यहां भी विजय प्राप्त कर लेती है, तो विपक्षी दलों की रणनीति और नेतृत्व क्षमता दोनों पर प्रश्नचिह्न खड़े होंगे। विशेष रूप से कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों के लिए यह आत्ममंथन का समय होगा कि आखिर क्यों भाजपा लगातार नए क्षेत्रों में अपने लिए राजनीतिक जमीन तैयार कर पा रही है। इसके अतिरिक्त, बंगाल में भाजपा की जीत भारतीय राजनीति में वैचारिक पुनर्संरचना का भी संकेत दे सकती है। लंबे समय तक बंगाल की बौद्धिक और राजनीतिक संस्कृति वामपंथी विचारों से प्रभावित रही। राष्ट्रवाद, धार्मिक पहचान और सांस्कृतिक पुनरुत्थान जैसे मुद्दों को यहां उतनी स्वीकृति नहीं मिलती थी जितनी उत्तर भारत में। भाजपा को स्पष्ट जनादेश यह संकेत है कि बंगाल का मतदाता भी राष्ट्रीय राजनीतिक विमर्श के साथ स्वयं को जोड़ रहा है। यह परिवर्तन केवल चुनावी नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक स्तर पर भी महत्वपूर्ण है। फिर भी, लोकतंत्र में किसी भी जीत को अंतिम सत्य नहीं माना जा सकता। बंगाल की राजनीति अत्यंत जागरूक और संवेदनशील रही है। पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत का अर्थ केवल एक राज्य में सरकार बदलना नहीं है। यह परिणाम यह भी बताता है कि भारतीय राजनीति अब पारंपरिक क्षेत्रीय सीमाओं से आगे बढ़ चुकी है और मतदाता विकास तथा सुशासन चाहता है। बंगाल की धरती से निकला यह संदेश केवल कोलकाता तक सीमित नहीं रहेगा; इसकी गूंज आने वाले समय में पूरे देश की राजनीति में सुनाई देगी। यह भारतीय लोकतंत्र की उस निरंतर प्रक्रिया का हिस्सा है जिसमें मतदाता समय-समय पर राजनीतिक शक्तियों का पुनर्मूल्यांकन करता है।

(लेखक पंजाब विवि चंडीगढ़ में वरिष्ठ प्रवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मानव विकास सूचकांक पर गौर जरूरी



**मंथन**

अखिलेश आर्येन्दु

> भारत भले ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा हो, जब तक यह मानव विकास सूचकांक में भी उच्च अंक हासिल नहीं कर लेता तब तक दुनिया में वह पिछड़ा हुआ ही माना जाएगा। भारत में पहले की अपेक्षा पिछले दस सालों में हर क्षेत्र में तमाम तरह के सकारात्मक बदलाव हुए हैं। केंद्र और राज्यों में विकास की नीतियां अब बंद कमरों की जगह जनता की राय-सुमारी के जरिए बनने लगी हैं। सामाजिक, पारिवारिक और राष्ट्रीय समस्याओं के समाधान के लिए बेहतर नीतियां और योजनाएं बनाईं जा रही हैं। बावजूद अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है। उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले समय में भारत मानव विकास की सूची में उच्च स्थान हासिल कर लेगा।

आर्थिक रूप से दुनिया का सबसे सम्पन्न देश अमेरिका है, लेकिन मानव विकास में सबसे सम्पन्न देश नार्वे और स्विट्जरलैंड हैं। दुनिया भर में ये दोनों देश सर्वोच्च मानव विकास सूचकांक के मुताबिक सर्वसम्पन्न हैं। सर्वसम्पन्नता का मतलब सेहत, शिक्षा, उच्च आय, सामाजिक विकास, नैतिकता में उच्चता और जीवन की गुणवत्ता में सर्वोपरि। इसी क्रम में चीन और ब्राजील उच्च मानव विकास वाले देश हैं तो भारत मध्यम मानव विकास का प्रतिनिधि है वहीं, निम्न मानव विकास के रूप में नाइजर है। सम्पन्नता महज धन-दौलत या दुनिया की सबसे बड़ी सेना, आयुध व सामरिक शक्ति से अब नहीं मापी जाती। यही वजह है नार्वे दुनिया में सर्वोच्च मानव विकास का प्रतिनिधित्व करता है। मानव मूल्यों यानी सर्वगुण सम्पन्नता दुनिया में इसकी महत्ता, सामरिक रूप से सम्पन्नता से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है। बदलते वक्त के साथ मान्यताओं और धारणाओं में बदलाव आया है, वह चाहे विकास की बात हो या समाज की प्रगति की। अब विकास को महज आर्थिक वृद्धि (जीटीपी) के आधार पर मापना पर्याप्त नहीं माना जाता।

वास्तविक विकास वह है जिसमें व्यक्ति का समग्र उत्थान- शारीरिक, वौद्धिक, सामाजिक और नैतिक- सुनिश्चित हो। इसी के आधार को आधार लेकर संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम ने मानवीय विकास सूचकांक (एचडीआई) की अवधारणा विकसित की। इसका मकसद कोई देश अपने नागरिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मानजनक जीवन स्तर प्रदान करने में कितना सफल है, को मापना है। वहीं दुनिया में प्रगति का मतलब आर्थिक प्रगति से समझा और माना जाता है। मानव मूल्यों के साथ विकास, प्रगति और समानता की स्थिति को आगे बढ़ाना मानव विकास सूचकांक कहलाता है। इस सूचकांक के जरिए उस देश के लोगों के हर क्षेत्र की ठीक-ठीक जानकारी हो जाती है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत का विकास सूचकांक (एचडीआई) 0.685 है, जो इसे 193 देशों में 130वें स्थान पर रखता है जो मध्यम मानव विकास श्रेणी में आता है। स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में सुधार के साथ भारत उच्च मानव विकास श्रेणी की ओर बढ़ रहा है। यह विकास कई तरह के सवाल खड़ा करता है। अभी देश में लैंगिक असमानता और तमाम तरह की क्षेत्रीय विषमताओं जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। इन चुनौतियों से निपटना कम चुनौतीपूर्ण नहीं है। जानकारों का कहना है कि मानव विकास को सरकार, सरकारी और गैर सरकारी संगठनों और समाजकर्मियों के लिए उतना ही महत्वपूर्ण होना चाहिए, जितना आर्थिक प्रगति। मानव मूल्यों, सामाजिक और शिक्षा के मूल्यों को गहराई से समझने की जरूरत है, खासकर भारत जैसे देश में, जहां व्यक्ति व समाज पाश्चात्य संस्कृति और शिक्षा को आंख मूंद कर अपनाने में अपनी समझदारी मानता है। यही वजह है कि भारत में मानव विकास सूचकांक अभी 130वें पायदान पर है। दरअसल, भारत आजादी के बाद पिछले सत्तर सालों तक कई समस्याओं, चुनौतियों और परेशानियों से जूझता आया है। सरकारी और गैर सरकारी दोनों स्तरों पर सुधार और निर्माण की जरूरत की पूर्ति महज दिखावे तक सीमित थी। भ्रष्टाचार चरम पर था। शिक्षा, रोजगार, सेहत और मूलभूत जरूरतें भी आम आदमी की पूरी नहीं



हो पा रही थीं। ऐसे में विकास और प्रगति का पहिया जिस रफ्तार से आगे बढ़ना चाहिए था, नहीं बढ़ पा रहा था। मानव विकास सूचकांक बेहतर होने का सवाल ही नहीं उठ सकता था। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की जनसंख्या आज दुनिया में सबसे ज्यादा हो गई है, लेकिन आबादी किसी देश के मानव विकास का एक मात्र पैमाना नहीं होता, वरना बेहतर मानव विकास के रूप में चीन और ब्राजील न होते। आज चीन आर्थिक महाशक्ति के साथ मानव विकास में नार्वे की बराबरी करने के करीब है। यानी चीन में प्रति व्यक्ति आय, संसाधनों की उपलब्धता, रोजगार के अवसर और सेहत के मामले में भी बहुत आगे निकल चुका है। इसकी सबसे बड़ी वजह वहां के लोगों में देश की प्रगति और विकास में ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करना, सरकार और संविधान का पारदर्शी होना और राजनीतिक खुड़पेचों से दूर रहना। अर्थशास्त्रियों के मुताबिक मानव विकास में तेजी लाने के लिए आर्थिक विकास के साथ शिक्षा, सुरक्षा, अवसरों की बेहतर उपलब्धता और आय का समान वितरण को सुनिश्चित करना जरूरी है। गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा, अस्वास्थ्य और असमानता जैसे विकास को रोकने वाले कारकों पर गौर करना जरूरी है। देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि, डॉक्टर व अस्पतालों की कमी, महिलाओं की शिक्षा और रोजगार में कमी, विकास योजनाओं का असरदायक न होना और संसाधनों पर जरूरत से ज्यादा दबाव जैसे कारणों से भारत मानव विकास में अभी मध्यम कोटि में गिना जाता है। मानव विकास में भारत के पिछड़ने की एक खास वजह सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा में पिछड़ा होना है। नैतिकता, मानव मूल्यों का पालन और मानवीय प्रकृति और जीव-जन्तुओं के प्रति घटती सदभावना भी मानव विकास पर प्रतिकूल असर डाल रही है। भारतीय समाज अपने मानवीय सद्व्यवहार और प्रकृति के प्रति साफ-सुथरे नजरिये के लिए जाना जाता था। समाज में अराजकता और हिंसक माहौल और प्रकृति का जरूरत से बहुत ज्यादा दोहन की वजह से भी कई तरह की समस्याएं, हर स्तर पर लगातार पैदा हो रही हैं, जिसका सीधा असर मानव विकास पर देखा जा सकता है। भारत में लैंगिक और क्षेत्रीय असमानता बहुत ज्यादा है, जिससे कई तरह की पारिवारिक, सामाजिक, क्षेत्रीय, धार्मिक, राष्ट्रीय और सांस्कृतिक समस्याएं पैदा हो रही हैं। इन समस्याओं से निजात पाना सरकार और प्रशासन के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। समाजशास्त्रियों का मानना है कि देश में सबको गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं का प्रबंध, स्वच्छ पर्यावरण, पानी संकट से निजात, सामाजिक जागरूकता बढ़ाना, हर स्तर पर समानता का बढ़ावा और मानवीय मूल्यों को विकास का आधार बनाने के लिए कदम उठाए जाते हैं तो भारत भविष्य में उच्च मानव विकास वाले देश के रूप में शामिल हो सकता है। मानव विकास का कम होना उस देश का पिछड़ा होने का सूचक माना जाता है। इसलिए भारत भले ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा हो, जब तक यह मानव विकास सूचकांक में भी उच्च अंक हासिल नहीं कर लेता तब तक दुनिया में वह पिछड़ा हुआ ही माना जाएगा। भारत में पहले की अपेक्षा पिछले दस सालों में हर क्षेत्र में तमाम तरह के सकारात्मक बदलाव हुए हैं। केंद्र और राज्यों में विकास की नीतियां अब बंद कमरों की जगह जनता की राय-सुमारी के जरिए बनने लगी हैं। सामाजिक, पारिवारिक और राष्ट्रीय समस्याओं के समाधान के लिए बेहतर नीतियां और योजनाएं बनाईं जा रही हैं। बावजूद अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है। उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले समय में भारत मानव विकास की सूची में उच्च स्थान हासिल कर लेगा।

(लेखक पर्यावरण संरक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# श्रावण मास का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व



संकलित

**दर्शन**

भारतीय मनीषियों ने काल गणना के प्रसंग में संस्कृत के 12 मासों को वैज्ञानिकता की पृष्ठभूमि में निर्धारित किया है, जिसमें श्रावण मास चैत्रादि मासों के क्रम में पांचवें मास के क्रम में स्वीकार किया है। संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से श्रवण नक्षत्र में अण प्रत्यय के योग से श्रावण शब्द बनता है, जिसका अर्थ है श्रवण से संबंधित। ध्यातव्य है कि ज्योतिष शास्त्र में श्रवण नक्षत्र का स्वामी भगवान विष्णु को माना गया है। जिस महीने में श्रवण नक्षत्र में पूर्णिमा होती है, उसे ही श्रावण मास कहते हैं। कुछ विद्वानों के मत से सृष्टि का प्रारंभ जल से हुआ है और सावन मास जल के लिए जाना जाता है। अतः यह सृष्टि का पहला महीना है। वेद कहते हैं- 'अप एव ससर्जादौ' अर्थात विधाता ने सर्वप्रथम जल का निर्माण किया। महाकवि कालिदास जी कहते हैं- या सृष्टिः स्रष्टुराद्या अर्थात ब्रह्मा की पहली सृष्टि जल ही है। सावन मास में सूर्य दक्षिणायन हो जाते हैं। कर्क राशि का सूर्य ही सावन मास है। इस महीने भगवान विष्णु जल का आश्रय लेकर क्षीरसागर में शयन करने चले जाते हैं। जल वृष्टि अधिक होने से पृथ्वी में कणों के गर्भांकुर फूट पड़ते हैं। गर्मी का ताप शांत हो जाता है। हृदयहारी वायु बहने लगती है। सभी चराचर जड़ चेतन जीव-जंतु हर्षित हो जाते हैं। प्रकृति का वातावरण सुरम्य हो जाता है। संपूर्ण जीव-जगत उल्लास से भर जाता है। ऊष्णता से संतप्त प्राणियों को शरण देने वाला श्रावण मास का शुभागमन परम आह्लाद देने वाला हो जाता है।

# शुभ कार्य तत्काल करो



संकलित

**प्रेरणा**

कोई स्त्री अपने पिता के यहां से लौटी थी, अपने पति से कह रही थी -'मेरा भाई विरक्त हो गया है। वह अगली दीवाली पर दीक्षा लेकर साधु होने वाला है। अभी से उसने तैयारी प्रारंभ कर दी है। वह अपनी संपत्ति की उचित व्यवस्था करने में लगा है।' पत्नी की बात सुनकर पति मुस्कुराया। स्त्री ने पूछा–'तुम हँसे क्यों ? हंसने की क्या बात थी।!' पति बोला-'और तो सब ठीक है, किंतु तुम्हारे भाई का वैराग्य मुझे बहुत अद्भुत लगा। वैराग्य हो गया है दीक्षा लेने की तिथि अभी निश्चित हुई है और वह संपत्ति की उचित व्यवस्था में लगा है।'! भौतिक संपत्ति में बुद्धि और इस उत्तम काम में भी इतनी दूर की योजना! इस प्रकार की तैयारी करके त्याग नहीं हुआ करता। त्याग तो सहज ही हुआ करता है। स्त्री को बुरा लगा वह बोली -'ऐसे ज्ञानी हो तो तुम्हीं क्यों कुछ कर नहीं दिखाते।' 'मैं तो तुम्हारी अनुमति की ही प्रतीक्षा में था।' पुरुष ने वस्त्र उतार दिए और एक धोती मात्र पहने घर से निकल पड़ा। स्त्री ने समझा कि यह परिहास है। थोड़ी देर में उसका पति लौट आवेगा, परंतु वह तो लौटने के लिए गया ही नहीं था। सच है वैराग्य के लिए कोई तिथि नहीं सोची जाती। वैराग्य के लिए मन, कर्म और अपने विचार अपने नियंत्रण में होना जरूरी है। तभी हम वैराग्य के बारे में कल्पना कर सकते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ट्रैफिक नियमों का पालन करें, सफर सुहाना बनाएं

युक्त राष्ट्र का वैश्विक सड़क सुरक्षा सप्ताह 8 मई से 14 मई 2026 तक मनाया जा रहा है। इस दिवस के मनाए जाने का उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इस विषय पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाना है। हमारे देश में सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले लोगों का आंकड़ा बहुत से देशों में से ज्यादा है, अमरीका, चीन, जापान, रूस आदि से बहुत ज्यादा है। इसका मुख्य कारण यह भी है कि हमारे देश में लोग ट्रैफिक नियमों का उचित पालन नहीं करते हैं। सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण भी ट्रैफिक नियमों का उल्लघंन है। सड़क हादसा कभी हमारी अपनी लापरवाही से हो सकता है तो कभी दूसरों की लापरवाही किसी की जान पर भारी पड़ जाती है। *– हर्ष, हिसार*

## करंट अफेयर

# पहली मुलाकात में ही उषा पर मोहित हो गए थे वेंस


अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अपनी नयी पुस्तक में बताया है कि कॉलेज के दौरान उनकी मुलाकात उनकी पत्नी उषा से कैसे हुई और वह उनसे इतने 'मोहित' हो गए थे कि उन्होंने अपने दोस्तों से कह दिया था कि या तो वह 'इस लड़की से शादी करेंगे' या फिर 'जीवनभर अविवाहित रहेंगे।' अपने नए संस्मरण 'कम्यूनियन : फाइंडिंग माय वे बैक टू फेद' में वेंस ने लिखा है कि वह उषा की सुंदरता, बुद्धिमत्ता और अलग अंदाज से कैसे आकर्षित हुए थे, जो बाद में उनकी पत्नी बनीं। इस संस्मरण के कुछ अंश 'यूएसए टुडे' ने प्रकाशित किए हैं। येल लॉ स्कूल में उषा बाला चिलुकुरी से मिलने वाले वेंस ने कहा कि वह पहली ऐसी व्यक्ति थीं, जिनके लिए उन्होंने सच्चा प्रेम महसूस किया। वेंस ने लिखा है, 'मैंने अपने दोस्तों से कहा था कि मैं इस लड़की से शादी करूंगा, अन्यथा मैं जीवनभर कुंवारा रहूंगा।' यह पुस्तक अगले महीने प्रकाशित होगी। वेंस ने लिखा, ' 'जब मैं पहली बार उषा से मिला, तो उनकी कई बातें मुझे असामान्य लगीं। उनमें से एक यह थी कि वह बेहद प्रतिस्पर्धी थीं, लेकिन मुझे यह आकर्षक से ज्यादा अजीब लगा।' उन्होंने लिखा, 'उनमें ईर्ष्या नाम की चीज नहीं थी, जिसे मैं उनके अद्भुत आत्मविश्वास का परिणाम मानता था।



## ऑफ बीट

# नाक से सांस लेने पर आपकी दौड़ हो सकती है आसान

श्वास अवचेतन है। हमें इसके बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है – यह बस हो जाता है। कम और मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम (जैसे पैदल चलना और साइकिल चलाना) के दौरान, हममें से अधिकांश लोग अपनी नाक से सांस लेते हैं और अपने मुंह से सांस छोड़ते हैं। लेकिन व्यायाम जितना अधिक तीव्र होता जाता है, उतना ही हम पूरी तरह मुंह से सांस लेने लगते हैं। हममें से अधिकांश लोग यह मानेंगे कि गहन व्यायाम के दौरान मुंह से सांस लेना सबसे अच्छी तकनीक है, क्योंकि यह हमारी मांसपेशियों तक अधिक ऑक्सीजन पहुंचने में मदद देता है। लेकिन सबूत इसके विपरीत दिखाते हैं – और यह कि आपकी नाक से सांस लेना वास्तव में गहन व्यायाम (जैसे दौड़ना) के दौरान उपयोग करने के लिए एक बेहतर तकनीक हो सकती है। व्यायाम करते समय, मुंह से सांस लेने की तुलना में नाक से सांस लेने पर कम ऑक्सीजन का उपयोग होता है। हालांकि यह कोई फ़ायदा नहीं लग सकता है, लेकिन मूल रूप से इसका मतलब यह है कि शरीर कम ऑक्सीजन का उपयोग करते हुए भी उतनी ही मात्रा में व्यायाम कर सकता है। और गति को अधिक समय तक बनाए रखना ही सफलता का मूलमंत्र है।



## ट्रेंड

### एमएसपी में वृद्धि



देश भर के किसान भाइयों और बहनों के हितों की रक्षा और उनकी आय बढ़ाने के लिए हम लगातार महत्वपूर्ण निर्णय ले रहे हैं। इसी दिशा में, हमारी सरकार ने विपणन सत्र 2026-27 के लिए खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दी है।

**-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### डबल रेल लाइन परियोजना



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अहमदाबाद (सरखेज) - धोलेरा सेमी हाई-स्पीड डबल रेल लाइन परियोजना को मंजूरी दे दी है। यह पीएम मोदी की दूरदर्शी योजना का सशक्त प्रमाण है, जिसके तहत देश को कनेक्टिविटी, नवाचार और विनिर्माण का केंद्र बनाना है।

**- अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### पुष्पांजलि अर्पित



लखनऊ में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के आवास पर उनके दिवंगत पति प्रतीक यादव के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना और दिलासा दिया गया।

**- योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उप्र

### पेपर लीक जांच



NEET पेपर लीक काफी गंभीर मामला है। जिस भाजपा नेता को पकड़ा गया है, उसके परिवार के पांच सदस्यों के लिए पहले से ही नौकरी तय थी। यह जांच का विषय है। हम कल्पना भी नहीं कर सकते कि 22 लाख बच्चे किस दौर से गुजर रहे होंगे।

**- अशोक गहलोत,** पूर्व सीएम, राजस्थान

**हमारा पता**

हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 12 | 8 | 4 | 16 |
| गुजरात | 12 | 8 | 4 | 16 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| पंजाब | 10 | 6 | 3 | 13 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 |
| राजस्थान | 11 | 6 | 5 | 12 |
| दिल्ली | 11 | 4 | 7 | 8 |
| कोलकाता | 11 | 4 | 6 | 9 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 |
| लखनऊ | 11 | 3 | 8 | 6 |

ऑरेंज कैप



हेनरिक क्लासेन
508 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
22 विकेट
बेंगलुरु

### भारोत्तोलन चैंपियनशिप: ज्ञानेश्वरी ने जीते दो पदक

**गांधीनगर।** भारोत्तोलक ज्ञानेश्वरी यादव ने 2026 एशियाई सीनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 53 किग्रा वर्ग में रजत और कांस्य पदक जीतकर दोहरी सफलता हासिल की।

कोलकाता को 6 विकेट से हराया, पडीक्कल ने 39 रन बनाए

# कोहली के शतक से जीती बेंगलुरु, टेबल टॉपर बनी

एजेंसी ▶▶| रायपुर

कोलकाता नाइट राइडर्स को आईपीएल 2026 के 57वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 6 विकेट से हार मिली है। शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में बारिश के चलते देरी से शुरू हुआ। हालांकि, ओवरों में कटौती नहीं की गई। पहले खेलते हुए केकेआर ने 4 विकेट पर 192 रन बनाए। जवाब में आरसीबी ने विराट कोहली के शतक की मदद से आखिरी ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के साथ आरसीबी के 12 मैचों में 16 पॉइंट हो गए हैं और टीम टेबल में टॉप पर पहुंच गई है। गुजरात टाइटंस के भी 16 पॉइंट हैं लेकिन नेट रन रेट के मामले में आरसीबी बेहतर है। वहीं 11 मैच में 9 पॉइंट के साथ केकेआर 8वें नंबर पर है। बारिश की वजह से मैच भारतीय समय अनुसार रात 8 बजकर 45 मिनट पर शुरू हुआ। फिन एलन और कप्तान अजिंक्य रहाणे ने पहले विकेट के लिए 23 रन की साझेदारी की। एलन 8 गेंदों में 18 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद रहाणे ने अंगकृष रघुवंशी के साथ दूसरे विकेट के लिए 13 गेंदों में 25 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 48 के स्कोर तक पहुंचाया। रहाणे ने 13 गेंदों में 4 बाउंड्री के साथ 19 रन की पारी खेली। अंगकृष ने कैमरून ग्रीन के साथ तीसरे विकेट के लिए 46 गेंदों में 68 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 116 के स्कोर तक पहुंचा दिया। कैमरून 24 गेंदों में 32 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद अंगकृष ने रिंकू सिंह के साथ चौथे विकेट के लिए 46 गेंदों में 76 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 192 के स्कोर तक पहुंचाया।



### विराट कोहली ने 105 रनों की पारी खेली

विराट कोहली पिछले दो मैच में जीरो पर आउट हुए थे। लेकिन इस मुकाबले में उन्होंने दमदार बैटिंग की। दूसरे ओवर में वैभव अरोरा के खिलाफ उन्होंने चार चौके मारकर इरादे साफ कर दिए। 58 गेंदों पर लीग में उन्होंने अपना 9वां आईपीएल और 10वां टी20 शतक पूरा किया। विराट 105 रन बनाकर नाबाद रहे। 60 गेंदों की पारी में उन्होंने 11 चौके और तीन छक्के मारे। इस दौरान विराट कोहली ने टी20 में अपने 14000 रन भी पूरे किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे जैकब बेथेल पहले ओवर में कई बार बीट हुए। इसके बाद विराट ने अपने हाथ में जिम्मेदारी ली।

## हार से आहत पंजाब, मुंबई के खिलाफ आज करेगा वार

**धर्मशाला।** पिछले चार मैच में हार से आहत पंजाब किंग्स को अगर आईपीएल में अपना अभियान वापस पटरी पर लाना है तो मुंबई इंडियंस के खिलाफ गुरुवार को होने वाले मैच में उसे अपनी गेंदबाजी और फील्डिंग में सुधार करना होगा। टूर्नामेंट के शुरुआती चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाली पंजाब किंग्स की टीम लगातार चार मैच हार चुकी है और प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रही है। उसकी टीम को अगर शीर्ष चार में जगह पक्की करनी है तो उसे अपने शेष बचे मैचों में से कम से कम दो मैच जीतने होंगे। पंजाब कुछ समय पहले तक टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय टीम थी, लेकिन इस प्रारुप और आईपीएल की प्रकृति ही ऐसी है कि भाग्य बहुत जल्दी किसी भी तरफ पलट सकता है।

**गेंदबाजी आक्रमण का इकॉनमी रेट खराब:** दिल्ली के खिलाफ मैच में अय्यर और उनकी टीम जीत के करीब पहुंच गई थी लेकिन आखिरी पांच ओवरों में तेज गेंदबाजों ने अपनी लेंथ सही नहीं रखी। अर्शदीप सिंह की अगुवाई वाले तेज गेंदबाजी आक्रमण का इकॉनमी रेट 10 टीमों में सबसे खराब है।

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

## टॉप 10 में जायसवाल-गिल बुमराह की बादशाहत कायम



**दुबई।** तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह ने जारी आईसीसी की नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल बल्लेबाजों की सूची में क्रमशः आठवें और नौवें स्थान पर हैं जबकि इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट कप्तान जो रूट 880 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। जायसवाल के 750 अंक हैं। गिल को एक स्थान का फायदा हुआ है और उनके 730 अंक हैं। हैरी ब्रूक इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं जबकि उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ का नंबर आता है।

**12वें पायदान पर सिराज :** भारत ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत 2026 में अब तक एक भी मैच नहीं खेला है। टीम ने अपनी पिछली श्रृंखला स्वदेश में नवंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली थी। गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर चल रहे बुमराह के 879 अंक हैं। इस सूची में अगला सर्वश्रेष्ठ भारतीय गेंदबाज मोहम्मद सिराज हैं, जो 12वें पायदान पर हैं। रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव क्रमशः 14वें और 15वें स्थान पर हैं।

## प्लेऑफ की जंग : टॉप-2 के लिए जीटी-आरसीबी में भिड़ंत, रेस में चेन्नई भी शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के सही समय पर फॉर्म में लौटने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग प्लेआफ के 4 स्थानों के लिए अब 8 टीमें दौड़ में हैं जबकि लीग चरण के दस दिन बाकी हैं। गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस का प्लेआफ में पहुंचना तय लग रहा है । सनराइजर्स हैदराबाद ने भी धीमी शुरुआत के बाद अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन सबसे हैरानी की बात पंजाब किंग्स का अचानक खराब प्रदर्शन है। अच्छी शुरुआत के बाद टीम लगातार चार मैच हार चुकी है। मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाइंट्स बाहर हो चुके हैं।




### राजस्थान रॉयल्स

4 जीत के साथ शुरुआत करने वाली आरआर पिछले 7 में से 5 मैच हार गई। 12 अंक लेने वाले रॉयल्स को अगले तीन में से कम से कम दो मैच जीतने होंगे और बाकी परिणाम भी अनुकूल रहने की दुआ करनी होगी। उसे बाकी मैचों में दिल्ली कैपिटल्स, लखनऊ सुपर जाइंट्स और मुंबई से खेलना है।

### दिल्ली कैपिटल्स

अक्षर पटेल की कप्तानी में दिल्ली ने अगले सत्र की योजना बनानी शुरू कर दी है। उसके 12 मैचों में 14 ही अंक है और वह प्लेआफ की दौड़ से लगभग बाहर ही है।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

रजत पाटीदार की कप्तानी वाली टीम ने उस निरंतरता को बरकरार रखा है, जिसके दम पर उसने पिछले साल पहली बार आईपीएल खिताब जीता था। अब तक 11 मैचों में 14 अंक ले चुकी आरसीबी का नेट रनरेट सबसे बेहतर है। केकेआर के बाद उसे पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद से खेलना है।


### पंजाब किंग्स

आईपीएल के पहले चरण में शानदार प्रदर्शन के कारण टीम अभी भी अंतिम चार में है। उसका नेट रन रेट भी ठीक है। अब उसे मुंबई इंडियंस, आरसीबी और सनराइजर्स के खिलाफ बाकी तीन में से दो मैच जीतने होंगे। उसके 11 मैचों में 13 अंक है और धर्मशाला में मुंबई के खिलाफ मैच हर हालत में जीतना होगा।

## कोको ने मिरा को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| रोम

अमेरिका की कोको गॉफ ने रूस की मिरा एंड्रीवा को हराकर इटैलियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। दुनिया की नंबर 3 खिलाड़ी कोको गॉफ को नंबर 8 सीड एंड्रीवा के खिलाफ तीसरे सेट में लगभग 5-1, दो-ब्रेक की बढ़त के साथ, 4-6, 0-2, 6-4 से जीत हासिल करने के लिए पांच मैच पॉइंट्स की जरूरत पड़ी। एंड्रीवा ने पहले सेट में 3-1 की बढ़त बनाई और कई बार इसे अच्छे से संभाला।



## थाईलैंड ओपन में जीते श्रीकांत और सिंधू

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत और पीवी सिंधू थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में सीधे गेम में जीत दर्ज करके दूसरे दौर में पहुंच गए। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने सिंगापुर के आठवीं वरीयता प्राप्त लो कीन यू को 21-14, 21-15 से हराया। वहीं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने चीनी ताइपै की तुंग सियू तोंग को मात दी। श्रीकांत का सामना चीनी ताइपै के सू लि यांग से होगा जबकि सिंधू डेनमार्क की अमेली शूल्ज से खेलेंगी।



### नराओका से हारे आयुष

एशिया चैंपियनशिप के फाइनल तक पहुंचे आयुष शेट्टी को जापान के छठी वरीयता प्राप्त कोडाइ नराओका के खिलाफ 13-21, 21-17, 4-21 से पराजय झेलनी पड़ी जबकि तरुण मन्नेपल्ली जापान के ही कोकी वातानाबे से 12-21, 16-21 से हार गए। उन्नति हुड्डा और अनमोल खरब को क्रमशः थाईलैंड की चौथी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग और चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त चेन यू फेइ ने हराया। हुड्डा को 21-11 17-21 16-21 से पराजय मिली जबकि खरब को तोक्यो ओलंपिक चैंपियन ने 21-19 13-21 18-21 से हराया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28




### टेस्ला प्रमुख एलन मस्क के साथ बीजिंग पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति

# महंगाई ने किया मजबूर...होर्मुज खुलवाने में नाकाम रहे तो जिनपिंग के द्वार पर पहुंचे ट्रंप

एजेंसी ⏭ बीजिंग

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इन दिनों एक ऐसी यात्रा पर हैं, जिसकी उम्मीद कुछ समय पहले तक किसी को नहीं थी। वे चीन के दौरे पर हैं। यह वही चीन है जिसे ट्रंप पिछले कई महीनों से हर समस्या की जड़ बता रहे थे। चाहे वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई की चोरी हो, ईरान को हथियार देना हो या गलत तरीके से व्यापार करना, ट्रंप ने चीन को कोसने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। लेकिन अब अमेरिका में बढ़ती महंगाई और ईरान के साथ चल रहे तनाव ने ट्रंप को अपना रुख बदलने पर मजबूर कर दिया है। ट्रंप 15 मई तक चीन में रहेंगे और कोशिश करेंगे कि कुछ ऐसे समझौते हों, जिससे अमेरिका की लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था को सहारा मिल सके। 2026 की शुरुआत में डोनाल्ड ट्रंप और चीन के बीच तीखी जुबानी जंग देखने को मिली थी। ट्रंप प्रशासन ने चीन पर आरोप लगाया था कि वह बड़े पैमाने पर अमेरिका की तकनीक चुरा रहा है और ईरान को मिसाइलें सप्लाई कर रहा है।

## अमेरिका में बढ़ती महंगाई ने ट्रंप को जिनपिंग से हाथ मिलाने पर मजबूर किया

## कड़वाहट भूलकर चीन के साथ व्यापारिक समझौते की कोशिश


एआई इमेज


ट्रंप का वेलकम हुआ

### अमेरिकी लोग ट्रंप से नाराज

इस दौरे के पीछे सबसे बड़ी वजह होर्मुज जलडमरूमध्य का संकट है। यह समुद्र का वो रास्ता है, जहां से दुनिया का 20 प्रतिशत तेल गुजरता है। ईरान और इजराइल के बीच चल रहे युद्ध की वजह से यह रास्ता लगभग बंद है, जिससे दुनिया भर में तेल की कीमतें 100 डॉलर के पार चली गई हैं।

### दोनों देशों में कौन भारी

आंकड़ों की बात करें तो अमेरिका और चीन के बीच व्यापार का संतुलन अभी भी चीन के पक्ष में है। पिछले साल अमेरिका ने चीन को 106 अरब डॉलर का सामान बेचा, जबकि चीन से 308 अरब डॉलर का सामान खरीदा। ट्रंप चाहते हैं कि चीन अमेरिका से खेती का सामान, हवाई जहाज और ऊर्जा खरीदे, ताकि यह अंतर कम हो सके।

### इधर, ट्रंप की चीन यात्रा.. उधर ताइवान को घेरा

ताइवान को लेकर भी दोनों देशों के बीच तनाव बना हुआ है। ट्रंप ने कहा है कि वह शी जिनपिंग से 11 अरब डॉलर के अमेरिकी हथियार पैकेज पर बात करेंगे।

ब्रिक्स सम्मेलन 14-15 को ईरान के उप विदेश मंत्री डॉ. काजिम पहुंचे

### ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची आएंगे भारत दौरे पर

# भारत-ईरान के रिश्ते आपसी समझ और विश्वास पर टिके : गरीबाबादी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ईरान के उप विदेश मंत्री काजिम घरीबाबादी बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली पहुंचे। उनका स्वागत विदेश मंत्रालय में पश्चिमों मामलों के सचिव सिबी जॉर्ज ने किया। दोनों के बीच उच्चस्तरीय बैठक में क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय की ओर से सोशल मीडिया एक्स पर घरीबाबादी के साथ तस्वीरें शेयर की गईं। पोस्ट के अनुसार दोनों के बीच द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें हाल के क्षेत्रीय घटनाक्रम भी शामिल थे। भारत-ईरान के रिश्ते आपसी समझबूझ, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और रणनीतिक विश्वास पर टिके हैं। यही वजह है कि 28 फरवरी से अब तक विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची से कई बार फोन पर बात की है। फरवरी के आखिर में तेहरान समेत ईरान के दूसरे शहरों पर अमेरिका-इजराइल ने संयुक्त हवाई हमला किया था। पिछले महीने, विदेश मंत्री जयशंकर को अराघची की ओर से फोन आया था, जिस दौरान दोनों मंत्रियों ने वेस्ट एशिया में चल रहे संघर्ष के साथ-साथ बाइलेटरल रिश्तों पर विस्तृत बातचीत की थी।

» दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

» घरीबाबादी के साथ एक्स पर तस्वीरें शेयर की गईं



### खामनेई की शहादत के बाद पहली यात्रा

28 फरवरी 2026 को आयतुल्लाह खामनेई की शहादत के बाद शुरू हुए संघर्ष के बाद यह पहली बार है जब ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची भारत आ रहे हैं। वे भारत में दो दिनों तक रुकेंगे और इस दौरान ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों से मुलाकात करेंगे। उनके साथ रूस के विदेश मंत्री भी इस बैठक में शामिल होंगे, जो पहले ही दिल्ली पहुंच चुके हैं। अराघची का यह भारत दौरा कच्चे तेल और क्षेत्रीय रणनीति के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। भारत के साथ संबंधों पर जोर देते हुए ईरान के उप विदेश मंत्री ने कहा कि भारत एक मित्र देश है, जिसके लिए अब तक 11 जहाजों को गुजरने की अनुमति दी जा चुकी है। हम और अधिक जहाजों को रास्ता देने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, सभी जहाजों को अनुमति देना संभव नहीं होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों पर अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पारदर्शी शुल्क लगाया जाएगा।

## यूएस में भारतीयों समेत 10 हजार छात्र रडार पर, कार्रवाई



**एजेंसी/वॉशिंगटन।** अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन एजेंसी (आईसीई) ने कहा कि उसने कई भारतीय छात्रों समेत 10,000 विदेशी छात्रों की पहचान की है जिन पर अपने वीजा के वैकल्पिक व्यावहारिक प्रशिक्षण (ओपीटी) प्रावधान का दुरुपयोग कर संदिग्ध नियोक्ताओं के लिए काम करने का आरोप है। ओपीटी छात्र वीजा पर अमेरिका में आने वाले विदेशी छात्रों को 12 महीने तक और कुछ मामलों में 24 महीने तक काम करने की अनुमति देता है। यह छात्रों को नियोक्ताओं द्वारा प्रायोजित एच-1बी वीजा में परिवर्तित होने का अवसर भी देता है।

## दिव्यांग गुरु को पीठ पर लादकर तीर्थ करा रहा चेला

**ऋषिकेश ।** मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले के रहने वाले दुर्गेश पंत (20) ने गुरु-शिष्य परंपरा की अद्भुत मिसाल पेश की है। दुर्गेश अपने बचपन के दिव्यांग गुरु बाबा विक्रम (48) की इच्छा पूरी करने के लिए उन्हें अपनी पीठ पर उठाकर केदारनाथ की कठिन पैदल यात्रा पर निकल पड़े हैं। आर्थिक तंगी के बावजूद दुर्गेश ने हार नहीं मानी और गुरु को भगवान मानकर सेवा का संकल्प लिया। ऋषिकेश पहुंचे इस जोड़े को देखकर श्रद्धालु भावुक हो उठे।

## फिलीपींस की संसद में ताबड़तोड़ फायरिंग



**एजेंसी/वॉशिंगटन।** अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन एजेंसी (आईसीई) ने कहा कि उसने कई भारतीय छात्रों समेत 10,000 विदेशी छात्रों की पहचान की है जिन पर अपने वीजा के वैकल्पिक व्यावहारिक प्रशिक्षण (ओपीटी) प्रावधान का दुरुपयोग कर संदिग्ध नियोक्ताओं के लिए काम करने का आरोप है। ओपीटी छात्र वीजा पर अमेरिका में आने वाले विदेशी छात्रों को 12 महीने तक और कुछ मामलों में 24 महीने तक काम करने की अनुमति देता है। यह छात्रों को नियोक्ताओं द्वारा प्रायोजित एच-1बी वीजा में परिवर्तित होने का अवसर भी देता है।




Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 31st May 2026. #5% Instant Cashback up to Rs. 5000 is available on all HMSI models for EMI transactions made using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 6 months & above). #Instant Cashback of up to Rs. 4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 9 months & above). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 31st May 2026. ^The price shared above is of Activa 110 Std OBD2B Model Variant for Haryana. ^For more information contact nearest dealers. The feature shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141; Malik Autos Honda - 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888813; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOSHAM:** MRM Honda - 9992888906; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 9992221831; **RATIA:** Avni Honda - 8168871488; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **ELLENABAD:** R S Honda - 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **REWARI BYEPASS:** Shree Honda - 9416662018; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **PALHAWAS:** Krishna Honda - 9992186137; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **ISRANA:** Kundu Honda - 9518095430; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda - 9896678058; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **TARAORI:** Navya Honda - 9896939869; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119; **NARWANA:** Shivam Honda - 9812318005; **SAFIDON:** BRS Honda - 8396989000; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 9034051285; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 8950374020; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441; Singla Honda - 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382; **PEHOWA:** Chirag Honda - 8330000050; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9541021041; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **MODEL TOWN (PANIPAT):** L.K. Honda - 8059900603; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8708287839; **RADAUR:** Ganpati Honda - 7056259000; **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 9915495288; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 9815555919; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9650445006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 9855146632; Platinum Honda - 9855155999; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 9646744346; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 9875910834; Platinum Honda - 7719619990: **MULLANPUR:** Platinum Honda - 9779996552; **BANUR:** Platinum Honda - 7374071740; **KHARAR:** Batra Honda - 9056709831; **KURALI:** Batra Honda - 9056709833; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673; **AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600; **MAHESH NAGAR:** Auto World Honda - 9896028089; **NARAINGARH:** SD Honda - 9253388773; **BARARA:** Harmilap Honda - 9416494933; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**